INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-186 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 31 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## वीबीजीरामजी योजना को मिलेगी गति, जारी हुए 18 करोड़

**यूनिक समय, मथुरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास कार्यों को गति देने के लिए वीबीजीरामजी (विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) योजना के तहत जिले को करीब 18 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई है। शासन से मिली इस राशि से ग्राम पंचायतों में लंबित रोजगारपरक कार्यों को पूरा कराने के साथ नए कार्य भी शुरू कराए जाएंगे। धनराशि उपलब्ध होने से ग्रामीण श्रमिकों को गांव में ही अधिक रोजगार मिलने की उम्मीद है।

उपायुक्त वीबीजीरामजी विजय कुमार पांडेय के अनुसार, मनरेगा को अब नए स्वरूप में वीबीजीरामजी योजना के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण श्रमिकों को



पहले मिलने वाले 100 दिन के रोजगार के स्थान पर 125 दिन रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान किया गया है। साथ ही मजदूरी का भुगतान समय से कराने और श्रमिकों को लगातार काम उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जारी हुई धनराशि से जिले की ग्राम पंचायतों में पहले से चल रहे और

### लंबित कार्य पूरे होने के साथ पंचायतों में शुरू होंगे नए काम

### पक्के निर्माण के लिए भी कई करोड़ रुपये की धनराशि जारी

लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार नए रोजगारपरक कार्यों को भी स्वीकृति दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ग्राम पंचायतों में स्थायी विकास कार्यों को गति देने के लिए करीब कई करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि भी जारी की गई है। इस राशि से पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, चकरोड, नाली, खड़ंजा, जल निकासी सहित अन्य पक्के निर्माण कार्य कराए जाएंगे। लंबे समय से जिन कार्यों के लिए धनराशि का इंतजार था, उन्हें भी अब आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### जल संरक्षण और हरियाली पर रहेगा जोर

वीबीजीरामजी योजना के तहत केवल रोजगार उपलब्ध कराने पर ही नहीं, बल्कि गांवों में स्थायी परिसंपत्तियां विकसित करने पर भी जोर दिया जाएगा। तालाबों के जीर्णोद्धार, जल संरक्षण, सड़क किनारे पौधारोपण और ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

सीडीओ डा. पूजा गुप्ता का कहना है कि रोजगार और विकास कार्यों को एक साथ बढ़ावा मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। गांवों में रोजगार मिलने से श्रमिकों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत कम होगी और पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी।

## कंपोजिट ग्रांट से परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**यूनिक समय, मथुरा।** शासन ने परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कायाकल्प अभियान को गति देने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के सभी परिषदीय बेसिक विद्यालयों का सर्वे कराया जाएगा। सर्वे पूरा करने के बाद विद्यालयों में आवश्यकतानुसार मरम्मत और अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। विद्यालयों के कायाकल्प में पंचायती राज विभाग भी सहयोग करेगा।

विकास भवन के जानकारों ने बताया कि शासन के निर्देश पंचायतों के सहयोग और विद्यालयों को उपलब्ध कराई गई कंपोजिट ग्रांट से स्कूलों की व्यवस्थाएं सुधारने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि विद्यालयों को कंपोजिट ग्रांट की धनराशि भेजी जा रही है, जिसका उपयोग विद्यालयों की जरूरत के अनुसार किया जाएगा।

वहीं, बेसिक विभाग के जानकारों ने बताया कि एक से 30 विद्यार्थियों के पंजीकरण वाले विद्यालयों को पांच



### दो अक्टूबर तक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का लक्ष्य

### पंचायतों के सहयोग से बाउंड्रीवाल, शौचालय के होंगे काम

हजार रुपये, 31 से 100 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 20 हजार रुपये, 101 से 250 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 45 हजार रुपये और 251 से अधिक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को 70 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।

विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की मरम्मत कराई जाएगी। परिसर की साफ–सफाई और विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सर्वे के दौरान विद्यालयों में मौजूद कमियों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों और पंचायतों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी सौंपी है।

विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट से जो कार्य संभव नहीं होंगे, उन्हें वीबीजी रामजी योजना के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। सभी कार्य दो अक्तूबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### ऊपर से बताने को मना किया है

सोमवार को कलेक्ट्रेट पर डीएम कार्यालय में मिलीं बीएसए रतन कीर्ति से कंपोजिट ग्रांट की जानकारी चाही तो उन्होंने पहले जानकारी से मना कर दिया। जोर दिया गया तो कहने लगीं, यहीं 10-12 हजार रुपये बताने लगी। प्रति विद्यालय की जानकारी पर बोलीं, ऊपर से जानकारी देने से मना किया है।

### पंचायतों का गला घोंट दें

डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने स्कूलों में काम के सवाल पर कहा कि स्कूलों के लिए ग्राम पंचायतों का गला घोंट दिया जाए। ग्राम पंचायतों में पैसा नहीं हैं, ग्राम के विकास को भी धनराशि की जरूरत होती है। विद्यालयों का काम भी देखा जाएगा।

## सीएम के आगमन को लेकर जन्माष्टमी पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

### मथुरा–वृंदावन को जोन और सेक्टर में बांटकर होगी निगरानी

### बाहरी जिलों से आएगा पुलिस बल, ड्रोन से रखी जाएगी नजर



**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए मथुरा–वृंदावन में सुरक्षा व्यवस्था और सख्त की जा रही है। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का विस्तृत खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। शहर और वृंदावन को जोन और सेक्टरों में बांटकर चप्पे–चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सहित मथुरा और वृंदावन क्षेत्र में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। जनपद की पुलिस के साथ दूसरे जिलों से भी पुलिस अधिकारियों और जवानों को ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पीएसी की तैनाती भी की जाएगी। मुख्यमंत्री के आने–जाने वाले मार्गों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इन रास्तों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जन्माष्टमी के दौरान श्रीकृष्ण जन्मस्थान और प्रमुख धार्मिक स्थलों के आसपास भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए दूसरे जनपदों से यातायात पुलिसकर्मियों को बुलाया जा रहा है। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर यातायात पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाएगी। एसएसपी ने बताया कि जन्माष्टमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जाएगी। शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

## अधिक यूरिया बेचने पर दो दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और तय मात्रा से अधिक बिक्री रोकने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। थोक उर्वरक विक्रेताओं को कंपनियों से प्राप्त यूरिया को अग्रिम आदेश तक अपने सुरक्षित भंडार गृहों में रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्थिति में थोक विक्रेता फुटकर दुकानदारों को सीधे यूरिया की आपूर्ति नहीं करेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने बताया कि एक हेक्टेयर भूमि पर किसान को अधिकतम सात

### थोक विक्रेताओं को यूरिया भंडारण के निर्देश सीधे आपूर्ति पर रोक


### किसानों से पहचान पत्र लेकर ही उर्वरक बेचने की हिदायत

बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी देने का प्रावधान है। हालांकि बाजरा, धान, तिलहन और दलहनी फसलों के लिए अनुशंसित मात्रा चार से पांच बोरी यूरिया और दो से तीन बोरी डीएपी है। फुटकर विक्रेताओं को किसान की फसल की जानकारी लेकर अनुशंसित मात्रा के अनुसार ही उर्वरक बेचने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि तय मात्रा से अधिक यूरिया बेचने के मामले में एग्रीजक्शन केंद्र, भदाल और खोखर खाद बीज भंडार, नीमगांव गोवर्धन के उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। उन्होंने फुटकर विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि दुकान पर फसलवार अनुशंसित उर्वरक मात्रा का बैनर लगाया जाए और उसी के अनुसार बिक्री की जाए। किसानों से भी अपील की गई है कि उर्वरक खरीदते समय अपनी किसान पहचान, खतौनी की प्रति और आधार कार्ड उपलब्ध कराएं और बिक्री केंद्र पर पहचान सत्यापन और मशीन में अंगूठा लगाकर ही उर्वरक प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता इन प्रक्रियाओं के बिना उर्वरक बेचता है तो किसान कृषि विभाग के मोबाइल नंबर 8273893015 पर सूचना दे सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में यूरिया 21,061 मीट्रिक टन, डीएपी 11,828 मीट्रिक टन और एनपीके 3,143 मीट्रिक टन उपलब्ध है। किसानों से संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के साथ जैविक और जैव उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की गई है, ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन लागत कम हो।



# हाइवे पर बेसहारा गोवंश बने हादसों का बड़ा कारण



फरह अंडरपास के ऊपर हाइवे पर विचरण करता बेसहारा गोवंश।



गांव फतिहा के समीप हाइवे पर चल रहे बेसहारा गोवंश।

**यूनिक समय, मथुरा।** हाइवे और उसके आसपास इन दिनों हरा चारा मिलने के कारण बेसहारा गोवंश की संख्या सड़कों पर बढ़ती जा रही है। चारे की तलाश में गोवंश हाइवे पर पहुंचकर विचरण करने और बीच सड़क पर खड़े होने लगे हैं। इससे वाहन चालकों के सामने दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ रहा है। खासकर रात के समय सड़क पर बैठे या घूमते गोवंश दूर से दिखाई नहीं देने के कारण बड़े हादसे का कारण बन रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइवे के आसपास खाली स्थानों और खेतों में चारा मिलने के कारण बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों की ओर पहुंच जाते हैं।

### चारे की तलाश में सड़कों पर पहुंच रहे गोवंश

### रात में वाहन चालकों के लिए बढ़ा दुर्घटना का खतरा

दिन में वाहन चालक किसी तरह उन्हें देखकर बच निकलते हैं, लेकिन रात में स्थिति बेहद खतरनाक हो जाती है। तेज गति से आने वाले वाहनों के सामने अचानक गोवंश आने से चालक को संभलने का मौका नहीं मिलता।

## आगरा निवासी व्यक्ति की मौत बना गोवंश

**यूनिक समय, फरह।** रैपुराजाट के समीप गुरुवार रात हुआ हादसा बेसहारा गोवंश के कारण बढ़ते खतरे की गंभीर तस्वीर सामने लाता है। आगरा के मोहनपुरा निवासी सत्यप्रकाश अपनी बेटी की ससुराल झरौरा से घर लौट रहे थे। रात करीब दस बजे वह स्कूटी से हाइवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क पर आए बेसहारा गोवंश से उनकी स्कूटी टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सत्यप्रकाश गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। हादसे ने हाइवे पर बेसहारा गोवंश की मौजूदगी और उनकी रोकथाम को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

लोगों ने प्रशासन से हाइवे और संपर्क मार्गों पर लगातार गश्त कराने, बेसहारा गोवंश को सुरक्षित गोशालाओं तक पहुंचाने और दुर्घटना संभावित स्थानों पर प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गोवंश के कारण होने वाले हादसों का सिलसिला जारी रह सकता है।




## परंपरागत कृष्ण लीलाओं से सजेगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि

### शास्त्रीय मर्यादाओं के अनुरूप होगा भावपूर्ण लीला मंचन

### जन्माष्टमी पर देशभर से आएंगे भक्त और रसिकजन



**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित होने वाली परंपरागत कृष्ण लीलाओं की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन को शास्त्रीय परंपराओं, धार्मिक मर्यादाओं और ब्रज के भाव के अनुरूप कराने की तैयारी की गई है। जन्मस्थान के सिद्ध लीलामंच पर इस बार भी भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं के दर्शन होंगे।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा–संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि अनंत लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस जन्माष्टमी पर होने वाली परंपरागत कृष्ण लीला का आयोजन इस वर्ष श्रीकृष्ण लीला मंडल, जन्मस्थान के सहयोग से कराया जाएगा। लीला मंचन में शास्त्रीय मर्यादाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि रासलीलाओं का मंचन रसिक बिहारी भाव की परंपराओं के अनुरूप होगा। भावपूर्ण रासलीला के लिए प्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी देवकीनंदन के विशेष मार्गदर्शन में उनकी मंडली द्वारा लीला का मंचन किया जाएगा। आयोजन से जुड़े लोगों के अनुसार, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ब्रज क्षेत्र में होने वाली लीलाओं में भक्ति और भाव की विशेष प्रधानता रहती है।

जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की कृष्ण लीलाओं के दर्शन करने के लिए दूर–दराज से भक्त और रसिकजन मथुरा पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पावन अवसर पर जन्मभूमि में लीला दर्शन, स्मरण और मनन से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराधाकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है। श्रीकृष्ण लीला मंडल की कार्यकारिणी के सदस्य मुकेश खंडेलवाल अधिवक्ता, कन्हैया लाल रंग वाले, महेश चंद प्रेसवाले, ब्रजकिशोर घी वाले, अनिलभाई और राजीव गुप्ता सहित मंडल के सभी सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। जन्माष्टमी पर श्रद्धालुओं को परंपरा और भक्ति से ओतप्रोत कृष्ण लीलाओं का दर्शन कराने के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।




## सुरीर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**यूनिक समय, सुरीर।** पुलिस ने थाने के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस ने दो पहिया और चौपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की। सुरीर पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाने के सामने उप निरीक्षक दिव्या कुमारी, एसआई मनोज कुमार, कांस्टेबल राजेश चौधरी, वारिश हुसैन, महिला आरक्षी संगीता व आयुषी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने दुपहिया और चौपहिया वाहन चलाने वालों के कागजात देखे। इसके साथ हेलमट और सीट बैल्ट की भी चेकिंग की। पुलिस ने वाहन चलाने वालों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सही तरीके से वाहन चलाने को लेकर जागरूक किया।

## डाइट में योगाभ्यास, पठन प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक–शिक्षिकाओं के वर्ग के लिए योगाभ्यास और पठन प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ संस्थान के नए सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सदस्य-शिक्षाविद डॉ. राकेश चंद चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि सभी को व्यसनों से दूर रहना चाहिए और बच्चों को भी इनसे बचाने के साथ व्यवहारिक रूप से देशभक्ति की भावना विकसित करनी चाहिए। प्रतियोगिता प्रभारी हरेश सिंह और नरेंद्र सिंह ने बताया कि योगाभ्यास में 42 शिक्षक–शिक्षिकाओं और पठन प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



विजेता प्रतियोगियों के साथ डायट के शिक्षक आदि।

योगाभ्यास में शिक्षकों के वर्ग में मनोज कुमार रावत प्रथम, देशराज द्वितीय और राजकमल तृतीय रहे। शिक्षिकाओं में पार्वती प्रथम, प्रेरणा द्वितीय और नीरज चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। पठन प्रतियोगिता के बेसिक वर्ग में भारती, परी और कविता, माध्यमिक वर्ग में लहर चतुर्वेदी, सोफिया और गौरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता जमुना प्रसाद सुमन और संजय डबराल ने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में डीएलएड प्रशिक्षुओं शुभम, पुष्कर, अखिल, अभिषेक, मोनिका, संजू, आशु और बादल साहनी ने सहयोग किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हरेश सिंह ने दी।

# दुकान विवाद के बाद जुटी भीड़, हवाई फायरिंग का आरोप

## तीन–चार वाहनों से 20–22 लोगों के पहुंचने का आरोप

## पुलिस ने नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में किराना की दुकान पर विवाद के बाद बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और हवाई फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता रवि अग्रवाल निवासी पुष्पांजलि भवन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता की पुष्पांजलि गेट के बाहर किराना की दुकान है। आरोप है कि 28 अगस्त की शाम पुष्पांजलि कृष्णा धाम निवासी आरटी गौतम शराब के नशे में सामान लेने दुकान पर आए थे। सामान को लेकर उनका विवाद हो गया। दुकान पर मौजूद ग्राहकों ने किसी तरह मामला शांत करा दिया। तहरीर के मुताबिक, 30 अगस्त की शाम रवि के छोटे भाई के मोबाइल पर आरटी गौतम के पुत्र शिवम गौतम का फोन आया। आरोप है कि फोन पर दुकान पर पहुंचकर विवाद करने की बात कही गई। इसके बाद रात करीब साढ़े आठ बजे तीन–चार वाहनों से 20–22 लोग दुकान के पास पहुंचे।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरटी गौतम के दामाद यश गौतम ने वाहन से उतरकर गाली–गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान कुछ लोगों ने तमंचे निकालकर हवाई फायरिंग की। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे। भीड़ बढ़ती देखकर आरोपी पक्ष के कई लोग कॉलोनी के भीतर चले गए।

सूचना मिलने पर डायल–112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरटी गौतम, शिवम गौतम, यश गौतम समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 191(2), 352 और 125 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।




# गोपेश्वर महादेव मंदिर में महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**यूनिक समय, वृंदावन।** गोपेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दर्शन करने पहुंची महिला के गले से अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की चेन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गायचंद मांझी निवासी रामनगर जबलपुर, मध्य प्रदेश के अनुसार, वह पत्नी मंजुलता मांझी, बेटी और दामाद के साथ 17 अगस्त की शाम करीब 6:45 बजे गोपेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान मंदिर में अधिक भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन चोरी कर ली।

चेन का वजन करीब 20 ग्राम बताया गया है। घटना के बाद मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। पुलिस को फुटेज में एक अज्ञात महिला के संबंध में जानकारी मिली यह महिला 18 अगस्त को भी मंदिर में मौजूद थी।

# एंबुलेंस की टक्कर से युवक घायल, चालक पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से एंबुलेंस चलाने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुरीर निवासी देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि छोटा भाई सचिन कुमार 25 वर्ष ब्लिंकिट में गोवर्धन चौराहा के निकट मंगलम रिसोर्ट में ऑर्डर लेने का काम करता है। 23 अगस्त को सुबह करीब 6:30 बजे वह ब्लिंकिट से ऑर्डर लेकर जयगुरुदेव की ओर जा रहा था। हाईवे प्लाजा के सामने फ्लाईओवर के ऊपर स्कूटी खराब हो गई। वह सड़क किनारे स्कूटी खड़ी कर उसे चेक कर रहा था।

इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही एंबुलेंस के चालक ने तेज गति-लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से सचिन कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में सचिन के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय पीछे चल रहे भाई ने सचिन को मथुरा के न्यूरो हॉस्पिटल में भर्ती कराया। आरोप है कि एंबुलेंस चालक ने इलाज में सहयोग का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में इलाज कराने से मुकर गया।

# व्यापारी नेता पर लगे मुकदमों के विरोध में सपा ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन


सोमवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता-जन उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के खिलाफ राजनीतिक के चलते भाजपा सरकार के दबाव में दर्ज की गईं तीन फर्जी एफआईआर और गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के विरोध में सोमवार को सपा के पदाधिकारियों- कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सपा नेता गौरव किशन पुरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सिविल लाइन से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर डीएम कार्यालय का घेराव कर एसडीएम कंचन गुप्ता को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सपा नेता गौरव किशनपुरिया ने कहा कि भाजपा सरकार सपा नेताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाकर उनकी आवाज दबाना चाहती है। अगर समाजवादी पार्टी के किसी भी नेता या कार्यकर्ता पर इस तरह के फर्जी मुकदमे दर्ज होंगे तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

आंबेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि सपा व व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल पर दर्ज तीनों निराधार एफआईआर को शीघ्र ही निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान गौरव पांडे,प्रशांत अग्रवाल,भगवती चतुर्वेदी, नारायण दास यादव, सुनील यादव, छोटू ठाकुर, मुकेश सैनी, देवेन्द्र आजाद, शबनम कुरैशी, अभिषेक यादव महासचिव, चौधरी तेजपाल सिंह, देवेंद्र निषाद, रिषी अग्निहोत्री, कृष्णा सैनी, दाऊ दयाल पंडा, पवन चौधरी, रवि दिवाकर, ललित मोहिनी एड. रुपेश यादव, मयंक यादव, जगराम यादव, रमेश पचोरी एड., प्रेम चंद कर्दम एंड. दीनदयाल चौधरी, सीमा करन आदि उपस्थित रहे।

# शराब पीने के दौरान संदिग्ध हालत में मजदूर छत से गिरा

## अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

## राज मिस्त्री के बुलाने पर घर से निकला

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोसीकलां के गांव सुरवारी में एक मकान की छत पर शराब पीने के दौरान एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई। बताया गया कि गांव सुरवारी निवासी चंद्रपाल बेलदारी की काम करता था। उसे गांव में राज मिस्त्री का काम करने वाला राजेश घर से बुलाकर ले गया। इसके बाद दोनों ने गांव के कमल जाविया की छत पर बैठकर शराब पी थी। शराब पीने के दौरान चंद्रपाल छत से संदिग्धावस्था में नीचे गिर गया। राजेश ने उसे केडी मेडिकल हॉस्पिटल में ले जाकर भर्ती करा दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान चंद्रपाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वृंदावन में चार मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना कोतवाली वृंदावन की रमणरेती क्षेत्र के एक आश्रम में काम करने वाले युवक की चार मंजिल से गिर कर मौत हो गई।

बताया गया कि वृंदावन के श्रीजी सदन में युवक रामसूरत काम करता था। बताया गया की बीती रात करीब दो बजे वह आश्रम की चार मंजिल से जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरने के कारम उसकी मौत हो गई। आश्रम के लोगों को घटना का पता लगा तो वहां हड़कंप मच गया। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरे आश्रम में काम करने वाले भाई पंकज को जब उसकी मौत का पता लगा तो वह भी पोस्टमार्टम ग्रह पहुंच गया। उसका कहना है कि उसे पता नहीं कि भाई कैसे गिरा था। इस बात की भी कुछ लोगों में चर्चा थी कि उसका किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके चलते यह घटना हुई।

# घर से दो दिन से गायब युवक की तलाश जारी

## परिवार के लोग परेशान भाई ने लिखाई गुमशुदगी

**यूनिक समय, सुरीर।** थाना सुरीर के गांव बिरजी नगरिया से दो दिन से घर से करहारी जाने की कहकर निकला युवक घर नहीं लौटा। परिवार के लोग तलाश करने में लगे हैं।

बताया गया कि बिरजी की नगरिया निवासी जयकिशोर(40) 29 अगस्त की सायं करीब चार बजे घर से करहारी जाने की कह कर गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिवार के लोग उसके न लौटने के कारण बेहद परेशान है। जयकिशन को परिवार के लोग सभी संभावित ठिकानों पर तलाश कर रहे हैं। उसके न मिलने से पत्नी और दो बेटे और एक बेटी दुखी है। इस मामले में जयकिशन के छोटे भाई जयप्रकाश ने थाना सुरीर में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

## मोटरसाइकिल लेकर गया कर्मचारी नहीं लौटा

**यूनिक समय,वृंदावन।** सुनरख रोड स्थित श्रीराधा कृष्ण भोजनालय से कर्मचारी द्वारा मोटरसाइकिल लेकर जाने और वापस न लौटने का मामला सामने आया है। ढाबा संचालक ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ढाबा संचालक यशवीर निवासी रोटी जेवर, गौतम बुद्ध नगर ने बताया कि भोजनालय पर मोनू निवासी मिजापुर गंज, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश कर्मचारी के रूप में काम करता था। आरोप है कि 22 अगस्त को उसकी मोटरसाइकिल लेकर किसी कार्य से गया था। इसके बाद वह मोटरसाइकिल लेकर वापस नहीं लौटा। संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# युवा रीलों में दुनिया को सुनाएंगे ब्रज संस्कृति की कहानी

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के 'विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश' अभियान में अब ब्रज के युवा भी अपने शहर की संस्कृति, विरासत और पर्यटन स्थलों की कहानी दुनिया के सामने रख सकेंगे। बदलते डिजिटल दौर में युवाओं के बीच छोटे वीडियो तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इसी को देखते हुए पर्यटन विभाग ने स्थानीय युवाओं को अपने शहर का सांस्कृतिक दूत बनाने की पहल की है।

अभियान के तहत मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव सहित ब्रज के विभिन्न क्षेत्रों के युवा अधिकतम 60 सेकंड



की रील बनाकर अपने शहर की खासियत बता सकेंगे। वीडियो में युवा को स्वयं कैमरे के सामने आना होगा। चेहरा स्पष्ट और आवाज साफ सुनाई देनी चाहिए। रील की पृष्ठभूमि में

### ब्रज की संस्कृति विरासत व्यंजन दिखाने का मिलेगा अवसर

### साठ सेकंड में युवा बताएंगे शहर की अनकही बातें

### स्थानीय युवाओं की आवाज से ब्रज पहुंचेगा दुनिया तक

ब्रज की पहचान से जुड़ा कोई प्रमुख पर्यटन स्थल भी दिखाया जा सकता है।

ब्रज के युवा श्रीकृष्ण की जन्मभूमि, बांकेबिहारी मंदिर, गोवर्धन पर्वत, बरसाना की लठमार होली, यमुना तट, राधाकुंड और प्राचीन मंदिरों की विशेषताओं को अपनी आवाज में बता सकते हैं। इसके अलावा ब्रज के पेड़े, कचौरी, स्थानीय हस्तशिल्प, लोकगीत, लोकनृत्य और सदियों पुरानी परंपराओं को भी वीडियो का हिस्सा बनाया जा सकता है।

पर्यटन विभाग का उद्देश्य केवल प्रसिद्ध स्थलों को प्रचारित करना नहीं, बल्कि ऐसे कम चर्चित स्थानों को भी पहचान दिलाना है, जिनकी स्थानीय स्तर पर खास कहानी है। युवा अपने अनुभव और अपने अंदाज में इन स्थानों की जानकारी देंगे।


अभियान में किसी तय पटकथा की अनिवार्यता नहीं रखी गई है। युवा हिंदी या अंग्रेजी में अपनी रील तैयार कर सकते हैं। वीडियो के अंत में 'विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश' कहना अनिवार्य होगा। पर्यटन विभाग का मानना है कि स्थानीय लोगों की आवाज और अनुभव के माध्यम से पर्यटकों को ब्रज को नए नजरिए से जानने का अवसर मिलेगा। इससे मथुरा-वृंदावन के साथ ब्रज के अन्य कम चर्चित पर्यटन स्थलों को भी व्यापक पहचान मिलने की उम्मीद है।

# रक्षाबंधन पर रोडवेज की मुफ्त यात्रा का महिलाओं ने उठाया भरपूर लाभ

### मथुरा डिपो की बसों में 1.30 लाख यात्रियों ने किया मुफ्त सफर

### परिवहन विभाग ने 1.33 करोड़ रुपये के टिकट बनाए

**यूनिक समय, मथुरा।** रक्षाबंधन पर प्रदेश सरकार की ओर से दी गई मुफ्त बस यात्रा का मथुरा डिपो में यात्रियों ने जमकर लाभ उठाया। 27 अगस्त से 29 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं और उनके साथ एक व्यक्ति को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई। तीन दिनों में मथुरा डिपो



की बसों में 1,30,502 यात्रियों ने बिना किराया सफर किया। इन यात्रियों के टिकटों की कुल धनराशि 1,33,10,494 रुपये रही। इससे साफ है कि रक्षाबंधन पर बहनों को मायके पहुंचाने और भाइयों से राखी बंधवाने के लिए रोडवेज बसों में यात्रियों की सहारा बनीं। रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की

### परिचालकों ने भी लगाया तड़का

रक्षाबंधन पर महिलाओं के निशुल्क यात्रा के आदेश से परिचालकों की भी खूब मौज आई। त्योहार पर चेंकिंग का भय नहीं होने से परिचालक भी निशुल्क यात्रा करने वाली महिलाओं के साथ दूसरे पुरुष यात्रियों को जोड़कर टिकट बनाते रहे।

घोषणा की थी।

इसके तहत 27 से 29 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के साथ एक व्यक्ति को भी मुफ्त यात्रा का लाभ मिला। मथुरा डिपो ने भी इस सुविधा के तहत यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बसें चलाई गईं। मथुरा डिपो के आंकड़ों के अनुसार, तीन दिनों में 1,30,502 यात्रियों ने मुफ्त यात्रा की। इन यात्रियों को जारी टिकटों की धनराशि 1,33,10,494 रुपये रही। यानी यात्रियों ने करीब 1.33 करोड़ रुपये की यात्रा बिना किराया दिए पूरी की।

मुफ्त यात्रा के कारण रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ दिखने को मिली। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाएं अपने मायके जाती हैं। ऐसे में मुफ्त बस यात्रा की सुविधा ने उन्हें आर्थिक राहत देने के साथ ही सुरक्षित पहुचा है। कई महिलाओं के साथ परिवार के सदस्य भी सफर पर निकले।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

### परिवार के डर के कारण चंदनवन फेस टू के गेट पर छोड़ गया

### लोगों की शिकायत पर हाईवे पुलिस थाने ले गई

**यूनिक समय, मथुरा।** एक युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने पहले कमरा लेकर साथ रखा और उसके साथ दुराचार किया। बीती रात युवक युवती को साथ लाकर थाना हाईवे क्षेत्र स्थित चंदनवन फेस दो के गेट पर एक तख्त पर बिठाकर लघुशंका करने की कहकर छोड़ गया।

चंदनवन फेस टू के गेट पर एक खाने का ढाबा है। ढाबा मालिक रात को बंद करने के बाद घर को चला जाता है। रात में 28 साल की एक युवती को एक युवक लेकर आया और तख्त पर बिठा कर लघुशंका करने की बात कहकर वहां से चला गया। रात भर युवती उसके आने का इंतजार करती रही,लेकिन वह नहीं आया। ढाबे के समीप चाय की दुकान पर आए लोगों ने युवती से रोने का कारण पूछा तो वह रो-रोकर बहकी-बहकी बातें करने लगी। इसी बीच एक महिला और उसके पति ने युवती को सांत्वना देते हुए उससे उसके बारे में पूछताछ की।

युवती ने बताया कि एक युवक उससे शादी करने की बात कहकर ले आया। उसने कमरे में बंद रखा था। बहर नहीं जाने देता था। भाई- भाभी और परिवार के डर के कारण वह उसे घर नहीं ले गया। रात को वह उसे अपने साथ यहां लेकर आया और छोड़ कर चला गया। युवती की मानसिक स्थिति भी अच्छी नहीं लग रही थी। कभी वह कहती कि वह हसंराज कॉलोनी में रहती है, तो कभी किसी मंदिर में काम करने की बात कह रही थी। वहां का माहौल अच्छा न होने और युवती के साथ कोई अनहोनी न हो इसे देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक को फोन पर सारी जानकारी दी। इसके बाद किसी अन्य व्यक्ति ने थाना हाईवे को युवती के बारे में बताया। इसके बाद थाने से उप निरीक्षक और महिला पुलिस युवती को थाना हाईवे ले गई।

# दहेज में बाइक और तीन लाख रुपये की मांग, विवाहिता से मारपीट का आरोप

**यूनिक समय मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र की रहने वाली टीना उर्फ शिवानी ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उत्पीड़न और मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में थाना हाईवे में मुकदमा दर्ज किया गया है। टीना उर्फ शिवानी ने बताया कि उसका विवाह 20 जनवरी 2022 को आकाशदीप राजपूत के साथ हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शादी से पहले सरकारी नौकरी का झांसा देकर सात लाख रुपये नकद लिए गए थे। विवाह के दौरान भी घरेलू सामान और सोने-चांदी के आभूषण दिए गए थे। शादी के बाद पति आकाशदीप, ससुर रामबाबू, सास ओमवती, ननद श्वेता, देवर विशालदीप अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल, तीन लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया गया है।

आरोप है कि 11 दिसंबर 2025 की रात विवाहिता को ससुराल से निकालकर मथुरा लाया गया और गोवर्धन चौराहा के पास छोड़ दिया गया। इसके बाद वह अपने मायके में रह रही है। परिवार की ओर से समझाने के प्रयासों के बावजूद विवाद का समाधान नहीं होने की बात कही गई है।

# डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा परखी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को जनपद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और निगरानी प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के संचालन और उनके बैकअप की जानकारी ली,संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ जिम्मेदारी और सतर्कता से ड्यूटी करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस से बलवीर सिंह प्रधान, सपा से सोनू ठाकुर, बसपा से मुनेन्द्र सिंह निगम और कम्युनिस्ट पार्टी से सुरेश कुमार मौजूद रहे। एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, नंद प्रकाश मौर्य, अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल भी उपस्थित रहे।

# अमृतसर-नांदेड़ विशेष ट्रेन का मथुरा-जंक्शन पर भी ठहराव

**यूनिक समय, मथुरा।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अमृतसर और हजूर साहिब नांदेड़ के बीच एक फेरे के लिए आरक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। खास बात यह है कि इस ट्रेन का मथुरा जंक्शन पर भी ठहराव रहेगा। इससे मथुरा से नांदेड़ और रास्ते के अन्य शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

गाड़ी संख्या 04642 अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड़ आरक्षित विशेष ट्रेन 31 अगस्त को अमृतसर से रात 8:10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन मथुरा जंक्शन पर सुबह 6:23 बजे पहुंचेगी और 6:25 बजे रवाना होगी। इसके बाद आगरा कैंट से 7:13 बजे, ग्वालियर से 9:05 बजे और वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन से 10:45 बजे होते हुए हजूर साहिब नांदेड़ अगले दिन सुबह 11 बजे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04641 हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर आरक्षित ट्रेन 6 सितंबर को रात 9 बजे नांदेड़ से चलेगी। यह ट्रेन मथुरा जंक्शन पर रात 11:03 बजे पहुंचेगी और 11:05 बजे रवाना होगी। इसके बाद आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, दिल्ली सफदरजंग सहित अन्य स्टेशनों से

### 31 अगस्त को अमृतसर से चलेगी

होकर अमृतसर पहुंचेगी। विशेष ट्रेन में सामान्य श्रेणी के चार, शयनयान श्रेणी के 18 और एसएलआर के दो कोच समेत कुल 24 कोच होंगे। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और ठहराव की ताजा जानकारी एनटीईएस या रेलवे की पूछताछ सेवा से प्राप्त कर सकते है।

# मां को तसले में बैठाकर सिर पर उठाया, कराए बिहारी जी के दर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** ठाकुर बांकेबिहारी के प्रति आस्था और मां के प्रति बेटे के प्रेम की अनोखी तस्वीर वृंदावन में देखने को मिली। एक श्रद्धालु अपनी मां को सिर पर तसले में बैठाकर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन कराने मंदिर पहुंचा। बेटे के इस अनोखे प्रयास को देखकर आसपास मौजूद श्रद्धालु भावुक हो गए। इसी दौरान किसी श्रद्धालु ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब इंटरनेट माध्यमों पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

बताया गया कि श्रद्धालु अपनी मां को लेकर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचा था। मंदिर परिसर की ओर जाते समय उसने अपनी मां को तसले में बैठाया और उसे सिर पर



मां को सिर पर तसले में बैठाकर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन को ले जाता श्रद्धालु।

रखकर आगे बढ़ता रहा। मां को इस तरह सिर पर लेकर चलते बेटे को देखकर वहां मौजूद लोगों का ध्यान उसकी ओर आकर्षित हो गया।

वीडियो में युवक अपनी मां को सिर पर बैठाकर मंदिर की ओर जाता दिखाई दे रहा है। मां भी बेटे के इस

### बेटे की सेवा भावना देख भावुक हुए श्रद्धालु वीडियो हुआ प्रसारित

समर्पण के साथ शांत बैठी नजर आ रही हैं। कुछ लोगों ने इस भावुक पल को अपने कैमरे में कैद कर लिया। इंटरनेट माध्यमों पर वीडियो सामने आने के बाद लोग बेटे के इस कार्य की जमकर सराहना कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे मां-बेटे के रिश्ते में प्रेम, सेवा और समर्पण की मिसाल बताया। लोगों का कहना है कि मां के प्रति सम्मान और उन्हें भगवान के दर्शन कराने की इच्छा ने बेटे को यह अनोखा तरीका अपनाने के लिए प्रेरित किया।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए, राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
**फोन नंबर-0565-3550761**
**मो. 9837155888**
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# जीएलए विश्वविद्यालय में कच्चे तेल प्रदूषण पर होगा महत्वपूर्ण शोध

**यूनिक समय, मथुरा।** पर्यावरण प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा को महत्वपूर्ण शोध परियोजना के लिए 13.36 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत हुआ है। उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से स्वीकृत इस परियोजना में कच्चे तेल के अवशेषों से निकलने वाले मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्रदूषकों के जैव-अपघटन की संभावनाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।

शोध परियोजना का मुख्य उद्देश्य कच्चे तेल के अवशेषों से ऐसे बैक्टीरिया की पहचान करना है, जो पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन जैसे जटिल प्रदूषकों को प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया के माध्यम से तोड़ने में सक्षम हो सकते हैं। परियोजना के अंतर्गत पेट्रोलियम प्रदूषण को कम



डॉ. स्वरूप कुमार पांडेय डॉ. अनुजा मिश्रा

करने के लिए प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले सूक्ष्मजीवों की क्षमता का अध्ययन किया जाएगा।

जीएलए विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक आचार्य-परियोजना की मुख्य अन्वेषक डॉ. अनुजा मिश्रा शोध का नेतृत्व करेंगी। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्वरूप कुमार पांडेय सह-अन्वेषक के रूप में सहयोग करेंगे। शोध का विषय कच्चे तेल के अवशेष से पृथक

## हानिकारक प्रदूषकों के जैव-अपघटन की संभावनाएं तलाशेगा शोध

## सीएसटी-यूपी ने परियोजना के लिए 13.36 लाख रुपये दिए

किए गए बैक्टीरिया की सहायता से मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन के जैव-अपघटन की क्षमता का अध्ययन है।

कच्चे तेल और पेट्रोलियम उद्योग से निकलने वाले अवशेषों में कई जटिल-हानिकारक प्रदूषक पाए जाते हैं। इनमें पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन प्रमुख हैं। ये पदार्थ लंबे समय तक पर्यावरण में बने रह सकते हैं और मानव स्वास्थ्य के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। ऐसे प्रदूषकों के प्रभाव को कम करने के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों की आवश्यकता है। शोध के दौरान कच्चे तेल के अवशेषों से विशिष्ट सूक्ष्मजीवों और बैक्टीरिया की पहचान की जाएगी। इसके बाद उनकी प्रदूषकों को तोड़ने की क्षमता, संबंधित जैव-रासायनिक प्रक्रियाओं और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन के विघटन की संभावनाओं का परीक्षण किया जाएगा।

परियोजना की खासियत प्रदूषित क्षेत्रों के उपचार में सूक्ष्मजीवों की प्राकृतिक क्षमता का उपयोग करना है। शोध के परिणाम भविष्य में पेट्रोलियम से प्रदूषित मिट्टी और अन्य स्थलों के उपचार के लिए कम लागत वाली और पर्यावरण-अनुकूल जैव उपचार तकनीक विकसित करने में सहायक हो सकते हैं।

शोध अनुदान मिलने पर डॉ. अनुजा मिश्रा और डॉ. स्वरूप कुमार पांडेय ने कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह, शोध अधिष्ठाता प्रो. कमल शर्मा और शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. आशीष शर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सकारात्मक अकादमिक वातावरण और निरंतर प्रोत्साहन से शोध-नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। यह परियोजना पर्यावरणीय जैव प्रौद्योगिकी, जैव उपचार और समग्र स्वास्थ्य जैसे उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान को नई दिशा देगी।

# मैदान से शतरंज की बिसात तक छाए श्रीजी बाबा के खिलाड़ी



श्रीजीबाबा सरस्वती विद्या मंदिर में फुटबॉल खेलते खिलाड़ी ।

**यूनिक समय, मथुरा।** विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के तत्वावधान में श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में चल रही चार दिवसीय 38 वीं क्षेत्रीय हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार को फुटबॉल के विभिन्न वर्गों में मुकाबले हुए। श्रीजी बाबा विद्यालय की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में जीत दर्ज की। अंडर-19 बालक वर्ग में रुड़की ने नोएडा को 1-0 से हराया। श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर ने अलीगढ़ की टीम को 8-0 से पराजित किया। अंडर-14 बालक वर्ग में नैनीताल ने नोएडा को 13-0 से और एटा ने शांतिपुरी हल्द्वानी को 7-0 से हराया। अंडर-19 बालक वर्ग के एक अन्य मुकाबले में श्रीजी बाबा विद्यालय ने परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन को 4-0 से हराया। वहीं रुड़की ने अलीगढ़ को 3-0 से पराजित किया। अंडर-14 वर्ग में नैनीताल ने शांतिपुरी हल्द्वानी को 3-0 से हराया। अंडर-17 में श्रीजी बाबा ने शांतिपुरी हल्द्वानी को 3-0 से हराया। अंडर-19 में एटा को 4-0 से तथा अंडर-17 के एक अन्य मुकाबले में एटा को 3-0 से पराजित किया। समाचार लिखे जाने तक अंडर-14 बालक वर्ग में एटा और नोएडा के बीच मुकाबला जारी था। मुरारीकुंज सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन में 29 से 31 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में भी श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। अंडर-17 वर्ग में विद्यालय के दक्ष सिरोही, दीपक सिंह, कवीश चौधरी और अर्जुन दीक्षित की टीम ने मेरठ प्रांत-बी की टीम को पराजित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय संरक्षक डॉ. रोशन लाल,सतपाल सिंह,वीरेंद्र कुमार बंसल,प्रबंधक तेजपाल सिंह, प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार सारस्वत, प्रेमशंकर, रवींद्र मोहन, निर्मल सिंह, शेर सिंह सिकरवार सहित कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# जटेरी धाम में 25वां हित आरोग्य शिविर आयोजित



शिविर में उपचार कराते ग्रामीण।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज चौरासी कोस मंडल में स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित लोगों तक उपचार पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीहित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट की ओर से जटेरी धाम में 25वां हित आरोग्य शिविर लगाया गया। शिविर में मेदांता समूह के सहयोग से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ब्रजवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं।

शिविर में आधुनिक उपकरणों के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाएं और चश्मे भी वितरित किए गए। चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श देकर बीमारियों से बचाव के उपाय बताए।

श्रीराधावल्लभ मंदिर के सेवायत सुकृत लाल गोस्वामी ने कहा कि श्रीहित राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट पिछले दो

## मेदांता के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ब्रजवासियों की स्वास्थ्य जांच की

वर्षों से ब्रज चौरासी कोस की उन स्थलीयों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है, जहां चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। जटेरी धाम के महंत विपिन बिहारी दास ने शिविर आयोजन के लिए ट्रस्ट और मेदांता समूह की टीम का आभार जताया।

शिविर में डॉ. सूर्य अग्रवाल, डॉ. अनिल गोयल, डॉ. प्रदीप कुमार राउल और डॉ. ऋषभ मिश्रा ने विशेषज्ञ सेवाएं दीं। इस दौरान बंटी शर्मा, अभिषेक गोस्वामी, दिव्या शर्मा, साक्षी वत्स, संजिल शुक्ला, दिनेश सिंह तरकर, चिराग ठाकुर, जय चौधरी सहित अनेक सहयोगी और ब्रजवासी मौजूद रहे।

# सीनियर पुरुष हॉकी टीम का जिला स्तरीय ट्रायल दो को

**यूनिक समय, मथुरा।** खेल निदेशालय के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन छह से 11 सितंबर तक अयोध्या में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आगरा मंडल की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल दो सितंबर को मथुरा में होगा। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह के अनुसार, जिला स्तरीय चयन ट्रायल दो सितंबर को दोपहर 2:30 बजे स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, गणेशरा में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ियों का मंडलीय ट्रायल तीन सितंबर को सुबह 11 बजे आगरा में होगा।

उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ट्रायल में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि और समय पर स्टेडियम पहुंचना होगा। खिलाड़ियों को अपने साथ जन्मतिथि प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

## एक सप्ताह बाद भी चोरी में पुलिस के हाथ खाली

**यूनिक समय, कोसीकलां।** बठैन गेट चौकी के सामने और बाईपास पर तीन दुकानों में हुई चोरी की वारदात का पुलिस एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं, जबकि चोरों के चेहरे सीसीटीवी फुटेज में साफ कैद हैं। बता दें कि एक सप्ताह पहले बाइक सवार दो चोरों ने हिंदुस्तान टायर्स, बालाजी पेंट्स एंड हार्डवेयर और लक्ष्मी नारायण स्पेयर पार्ट्स की दुकानों के ताले तोड़कर हजारों की नकदी और इन्वर्टर-बैटरी चोरी कर ली थी। तीनों वारदातें पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई थीं। पीड़ित व्यापारियों ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी थी, जिसमें चोरों के चेहरे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं, लेकिन एक सप्ताह बाद भी पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस सिर्फ आश्वासन दे रही है, कार्रवाई कुछ नहीं कर रही। व्यापारियों का कहना है कि अगर जल्द खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी आंदोलन को मजबूर होंगे।

## फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना राया पुलिस ने फायरिंग करने के मामले में एक वांछित अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया है। गांव ककरेटिया में 17 जुलाई को फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त निहाल सिंह निवासी कारब को पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उस पर कई मुकदमों के अलावा गैंगस्टर एक्ट भी लग चुका है।

## हिंडोला विजय के साथ संपन्न हुए श्रावण मास के कार्यक्रम



हिंडोला विजय में विराजे राजाधिराज।

**यूनिक समय, मथुरा।** मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश में इस बार राजाधिराज ने अलग-अलग हिंडोला और घटाओं में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। भक्त भी राजाधिराज की एक झलक पाने के लिए दूर- दराज से आए। दर्शन पाकर निहाल होते रहे।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में सभी कार्यक्रम मंदिर के गोस्वामी वागीश कुमार द्वारा तय किए जाते है। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया के दिन उद्यापन के दर्शनों में हिंडोला विजय हुआ। मीडिया प्रभारी ने बताया कि अब राजाधिराज अगले सावन मास में ही हिंडोला झूलों में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देगें। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चार सितंबर को होने वाले जन्माष्टमी और नंद महोत्सव के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी जाएगी।

## दहेज की खातिर पत्नी की हत्या कर फैंक दिया था नाले में

# न्यायाधीश ने दो अभियुक्तों को दी दस-दस साल की कैद

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम (महिला विरुद्ध अपराध) विजय कुमार सिंह ने दहेज हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को दस-दस साल का कारावास और 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सरकार की ओर से मुकदमे की पैरवी करने वाले सहायक शासकीय अधिवक्ता

## 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

सुभाष चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीचंद ने पुलिस को तहरीर दी कि 10 फरवरी 2018 को समय करीब छह बजे सुबह उसे सूचना मिली की कि उसकी बहन आरती नाले में मरी पड़ी है। गांव नगला सुरीर में जाकर देखा तो आरती मृतावस्था में नाले में पड़ी थी। आरती को ससुराल के लोग दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न और मारपीट करते थे। उसका कहना था कि ससुराल के लोगों ने उसकी हत्या कर दी है।

इस मामले में विष्णु उर्फ चेंटा, श्याम हाकिम और रामबेटी के खिलाफ दहेज हत्या का मामला पुलिस में दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम (महिला विरुद्ध अपराध) विजय कुमार सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायाधीश ने गवाहों की गवाही और सरकारी वकील की दलीलों को सुनने के बाद इस मामले में अभियुक्त विष्णु उर्फ चेंटा और श्याम को उक्त सजा से दंडित किया।

# मुख्यमंत्री आगमन से पहले नगर निगम ने कसी कमर

### नगर आयुक्त ने प्रस्तावित मार्गो और हेलीपैड का निरीक्षण किया

### अतिक्रमण, होर्डिंग हटाने संग सफाई-सौंदर्यीकरण के निर्देश


मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर निरीक्षण करते नगर आयुक्त ओजस्वी राज आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीन सितंबर को प्रस्तावित मथुरा-वृंदावन आगमन को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने अपर नगर आयुक्त और निगम टीम के साथ प्रस्तावित मार्गों और पवन हंस हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण, अवैध होर्डिंग, हरित क्षेत्र और सौंदर्यीकरण का जायजा लिया।

नगर आयुक्त ने भूतेश्वर तिराहा से जन्मभूमि, डीग गेट, दरेसी रोड, होली गेट, विकास बाजार, पुराना बस स्टैंड, टैंक चौराहा, कचहरी और पशु चिकित्सा महाविद्यालय तक मार्ग की व्यवस्थाएं देखीं।

इसके बाद मसानी चौराहा से पवन हंस हेलीपैड, पानीघाट, सौ फुटा, प्रेम मंदिर, परिक्रमा मार्ग, जादौन पार्किंग, इस्कॉन मंदिर तिराहा और छटीकरा मार्ग होते हुए होटल तक निरीक्षण किया।

कई स्थानों पर अतिक्रमण, मलबा, झाड़ियां और अवैध प्रचार सामग्री मिली।

नगर आयुक्त ने तत्काल इन्हें हटाने, सफाई कराने, झाड़ियों की छंटाई और अधूरी दीवार चित्रकारी पूरी कराने के निर्देश दिए। जरूरत वाले स्थानों पर दृश्य अवरोधक लगाने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आगमन और जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए पूरे मार्ग को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और अतिक्रमणमुक्त रखा जाए। सभी कार्य समय से पहले पूरे कराकर अधिकारी स्वयं निगरानी करें।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त नीरज शर्मा, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, मुख्य अभियंता निर्माण संजय सिंह, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र, अधिशासी अभियंता निर्माण, सहायक अभियंता जलकल सहित नगर निगम-संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिंग वाहन में कार घुसी

### हादसे में किसी को नहीं लगी चोट

**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के तेज रफ्तार मारुति सियाज कार ने गश्त कर रहे पेट्रोलिंग वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, हालांकि पेट्रोलिंग वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को सुबह यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन संख्या 86 के करीब मथुरा टोल प्लाजा की पेट्रोलिंग टीम टाटा योद्धा वाहन से हार्ड शोल्डर पर पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही मारुति सियाज कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पेट्रोलिंग वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। हादसे में पेट्रोलिंग वाहन को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना थाना सुरीर पुलिस को दी गई।

## छह माह के लिए जिले से निष्कासित किया सीताराम को

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने अशोक विहार चौमुहां निवासी सीताराम को छह माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित करने के आदेश दिए हैं। सीताराम के खिलाफ वृंदावन और जैत थानों में एनडीपीएस अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। डीएम ने प्रभारी निरीक्षक जैत को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन करने पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत गिरफ्तारी और कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी में अभियुक्त को जेल में बिताई अवधि की सजा

**यूनिक समय, मथुरा।** न्यायालय जेएम पंचम ने गौसेवक का मोबाइल और पत्नी के कुंडल चोरी करने वाले अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा और एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया। सुरीर पुलिस ने गौसेवक का मोबाइल और उसकी पत्नी के कुंडल चोरी करने के मामले में अभियुक्त मोरकटी थाना सुरीर निवासी रामेश्वर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया था। मुकदमे की सुनवाई न्यायालय जेएम पंचम में हुई। जेएम ने गवाहों की गवाही और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त सजा से दंडित किया।

## स्वतंत्रता दिवस में योगदान देने वालों को किया सम्मानित


गौरवशाली प्रतिभागियों के साथ चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी।

### बीएसए कॉलेज में छात्र छात्राओं और शिक्षकों का हुआ अभिनंदन

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल और गरिमामयी बनाने में योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। स्वतंत्रता दिवस आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उनके रचनात्मक योगदान, प्रतिभा और देशभक्ति की भावना की सराहना की गई।

कॉलेज के चेयरमैन अधिवक्ता उमाशंकर अग्रवाल ने सम्मानित विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए सदैव आगे रहना चाहिए।

उपाध्यक्ष अभियंता नितिन मित्तल ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ सामाजिक और राष्ट्रीय गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में बीएसएसीईटी के निदेशक प्रो. श्याम सुंदर अग्रवाल, एएसएम पॉलीटेक्निक के निदेशक विशाल लाल गोस्वामी, फार्मेसी निदेशक प्रो. डॉ. राकेश कुमार, सांस्कृतिक संयोजक रक्षा अग्रवाल सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् से गूंजा मथुरा नगर

### संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा में उमड़े सैकड़ों छात्र-छात्राएं


संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा में शामिल विद्यार्थी और पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रावण पूर्णिमा और विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत भारती की ओर से आयोजित संस्कृत सप्ताह के तहत सोमवार को नगर में संस्कृत जागरूकता शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर जनरल गंज, आर्य समाज मार्ग, होली दरवाजा, गुरुद्वारा, जिला अस्पताल के सामने से होते हुए जवाहर हाट और विकास बाजार पहुंची। इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर, दीनदयाल नगर में शोभायात्रा का समापन हुआ।

शोभायात्रा में संस्कृत विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने 'जयतु संस्कृतम, जयतु भारतम' के गगनभेदी उद्घोष किए, जिससे नगर के प्रमुख बाजार संस्कृतमय हो उठे। संस्कृत विद्यालयों के विद्वान छात्रों ने होली गेट चौराहे पर चारों वेदों का सस्वर पाठ किया। कार्यक्रम में संस्कृत भारती ब्रज प्रांत मंत्री डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल, न्यास सचिव गंगाधर अरोड़ा, विभाग संयोजक श्यामसुंदर शर्मा, मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेंद्र नागर, प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी शास्त्री और हरस्वरूप यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रवाल और गंगाधर अरोड़ा ने कहा कि संस्कृत भारती का उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कृत के प्रति जागरूक करना है, ताकि देश की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता और संस्कार सुरक्षित रह सकें। आचार्य ब्रजेंद्र नागर ने कहा कि संस्कृत अब केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में भी इसका महत्व बढ़ रहा है। समापन पर श्यामसुंदर शर्मा ने सभी का आभार जताया।

## झाड़ियों में मिली नवजात बालिका ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना

### किलकारी सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण, बच्ची का वजन बेहद कम

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा स्थित बिजलीघर मार्ग के बीज गोदाम समिति के पास नंदनी वरदान कॉलोनी के समीप सोमवार को झाड़ियों में नवजात बालिका मिलने से हड़कंप मच गया। करीब 11 बजे कॉलोनी के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी। आवाज की दिशा में पहुंचे तो झाड़ियों के बीच सीमेंट के एक बोरे में नवजात बालिका पड़ी मिली।

ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने बच्ची की स्थिति को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. रामवीर सिंह ने बताया कि नवजात का वजन करीब 800 से 900 ग्राम था। उसे आवश्यक उपचार देने के बाद बेहतर चिकित्सा और विशेष निगरानी के लिए जिला अस्पताल स्थित विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई भेजा गया है। फिलहाल नवजात की हालत चिकित्सकों की निगरानी में है और उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस नवजात के परिजनों की जानकारी जुटाने के साथ मामले की जांच कर रही है।

## गोवर्धन में रामगोपाल यादव ने सरकार पर साधा निशाना

### हनुमान बाग आश्रम में पूजा कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

### अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र प्रदेश पर सवाल

**यूनिक समय, गोवर्धन।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव सोमवार को डीग रोड स्थित हनुमान बाग आश्रम पहुंचे। उन्होंने हनुमानजी के दर्शन-पूजन किए और संत सियाराम दास से आशीर्वाद लिया। आश्रम में लाला और बाबा की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारे में उन्होंने साधु-संतों और श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। करीब दो घंटे तक आश्रम में रहे रामगोपाल यादव ने सनातन संस्कृति का संदेश भी दिया।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है। उन्होंने हनुमानजी से प्रार्थना की कि देश का संचालन करने वालों को सद्बुद्धि मिले, ताकि वे देशहित में उचित निर्णय ले सकें। मुजफ्फरनगर के चर्चित अंकित हत्याकांड और उसके बाद हुए कथित मुठभेड़ को लेकर उन्होंने प्रदेश सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर बताते हुए मुठभेड़ को फर्जी करार दिया। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग पर आधारित पीडीए फार्मूले पर भाजपा नेताओं की टिप्पणियों को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए की ताकत को समझती है, इसलिए उसके नेता बयानबाजी कर रहे हैं। इस दौरान चरण कौशिक, गिरधारी सेठ, गौरी शंकर, किशोर सिंह, सतीश ब्रजवासी, संत सूतीक्षण महाराज, पूरन प्रकाश कौशिक, सियाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## तरौली में मिठाई की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

**यूनिक समय, तरौली।** थाना छाता क्षेत्र के गांव तरौली में तरौली-शेरगढ़ मार्ग पर चोरों ने एक मिठाई की दुकान के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और मिठाई चोरी कर ली। जानकारी सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे मालिक को हुई। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तरौली शुमाली निवासी वीरी सिंह की तरौली-शेरगढ़ रोड पर मिठाई की दुकान है। रविवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह करीब पांच बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के ताले टूटे हुए देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो दुकान में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। वीरी सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर शटर के ताले तोड़कर दुकान के अंदर दाखिल हुए और बर्फी, गल्ले में रखे करीब 30 हजार रुपये चोरी कर ले गए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक अज्ञात युवक नकाबपोश दिखाई दे रहा है। सूचना पर पुलिस पहुंची।

वहीं, इसी मार्ग पर करीब तीन दिन पहले भी चोरों ने एक किराना की दुकान को निशाना बनाया था। तरौली निवासी राकेश की दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसे और दुकान से तंबाकू-गुटखा और गल्ले में रखे करीब 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। चोरों ने दुकान के पास खड़े एक ट्रक को भी निशाना बनाया। ट्रक की टंकी से करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी दुकान मालिक राकेश और ट्रक चालक ने छाता पुलिस को दी।

## प्रेम मंदिर के पीछे से युवक गिरफ्तार

**यूनिक समय, वृंदावन।** थाना पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान एक युवक को 215 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक शुभांशु यादव पुलिसकर्मियों के साथ इलाके में चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम प्रेम मंदिर के पीछे से होते हुए छटीकरा तिराहे की ओर पहुंची। पुलिस ने वहां से गुजरते एक युवक को चेकिंग के लिए रोक लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस को 215 ग्राम अवैध गांजा मिला। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विक्रम है।

## सुविचार

उम्मीद की रोशनी थामे रखो, अंधेरी रात के बाद उजली सुबह जरूर आती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी | 08:51-07:42 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | रेवती | 03:44-03:28 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:09 AM | चन्द्रोदय | 08:37 PM |
| सूर्यास्त | | 6:45 PM | चंद्रास्त | 08:49 AM |
| सूर्य राशि | | सिंह राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:58AM –12:46 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:33-05:21 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 07:43 AM: 09:18 AM | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

**Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay**

# प्राचीन भारतीय डाट तकनीक से बन रहा हैं अनोखा मंदिर

### लोहे-सरिये के बिना तैयार हो रहा है जैन मंदिर

### मकराना के संगमरमर से तैयार हो रहा भव्य मंदिर

### 36 गुंबदों के नीचे दिखेंगे 108 आचार्य स्वरूप



**यूनिक समय, मथुरा।** आमतौर पर किसी बड़े मंदिर या भवन की मजबूती के लिए लोहे और सरिये का इस्तेमाल जरूरी माना जाता है, लेकिन अंबाला में एक ऐसा अनूठा जैन मंदिर आकार ले रहा है, जहां इन दोनों का इस्तेमाल ही नहीं किया जा रहा। करीब ढाई एकड़ में बन रहा इंद्रदिन सूरी समाधि मंदिर अपनी प्राचीन निर्माण पद्धति और संगमरमर की बारीक शिल्पकला के कारण खास आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

वर्ष 2011 से निर्माणाधीन इस मंदिर में राजस्थान के मकराना से लाए गए संगमरमर के पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंदिर को प्राचीन भारतीय डाट तकनीक से तैयार किया जा रहा है। इसमें पत्थरों को विशेष तरीके से एक-दूसरे के सहारे जोड़कर ढांचा खड़ा किया जाता है। आधुनिक लेंटर, लोहा और सरिया नहीं होने के कारण निर्माण में समय जरूर अधिक लग रहा है, लेकिन मंदिर को लंबे समय तक टिकाऊ बनाने की परिकल्पना की गई है।

मंदिर निर्माण की शुरुआत जैन मुनि विजय रत्नाकर सूरीश्वर के मार्गदर्शन में हुई थी। वर्तमान में आचार्य श्रीमद् विजय धर्मधुरंधर सूरीश्वर जी महाराज की देखरेख में काम आगे बढ़ रहा है।

मंदिर का मुख्य जिनालय करीब 500 गज क्षेत्र में बनाया जा रहा है। पूरे परिसर में 36 गुंबद तैयार किए जाएंगे और इनके नीचे जैन परंपरा के 108 आचार्य भगवंतों के स्वरूप स्थापित होंगे। बाहरी दीवारों पर करीब छह इंच गहरी पत्थर की नक्काशी की जा रही है।

मंदिर परिसर में आश्रम, भोजनशाला और श्रद्धालुओं के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित होंगी। खास बात यह होगी कि जैन धर्म के प्रमुख तीर्थों और धार्मिक प्रसंगों को पत्थरों पर उकेरा जाएगा। शंखेश्वर तीर्थ, सम्मेदशिखर, नवखंडा पार्श्वनाथ और अंतरिक्ष तीर्थ से जुड़ी कथाएं यहां शिल्प के रूप में नजर आएंगी। इस तरह यह मंदिर पूजा स्थल के साथ भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला की अनूठी धरोहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## कल का राशिफल

**मेष:** मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार का सहयोग रहेगा और धनलाभ होगा।
**वृषभ:** कल रुके काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन प्रसन्न करेगी और लाभ देगी।
**मिथुन:** महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। नौकरी में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ संभव है।
**कर्क:** कल भाग्य आपका साथ देगा। कार्यक्षेत्र में प्रशंसा मिलेगी। धन संबंधी चिंता दूर होगी और स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।
**सिंह:** आत्मविश्वास बढ़ेगा और नई योजनाएं बनेंगी। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य से सुखद समाचार मिलेगा।
**कन्या:** मेहनत का परिणाम मिलेगा। नौकरी में अवसर बढ़ेंगे। आर्थिक लाभ होगा।
**तुला:** कल सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार में लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में आपके लिए लाभदायक रहेगी।
**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होने की संभावना।
**धनु:** कल नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत से सफलता मिलेगी। यात्रा लाभदायक रहेगी और मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।
**मकर:** आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में दबाव रहेगा, लेकिन धैर्य से काम लेने पर परिस्थितियां आपके पक्ष में होंगी।
**कुंभ:** कल सकारात्मक समाचार मिलेगा। नौकरी और व्यापार में तरक्की के योग हैं। परिवार के साथ समय सुखद बीतेगा।
**मीन:** रुके हुए कार्य पूरे होंगे। धनलाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

# माता-पिता की सीख से कार्तिकेय ने तारकासुर को हराया

### देवताओं की रक्षा के लिए शिव-पार्वती ने भेजा पुत्र

### पुत्र ने स्वीकार की जिम्मेदारी, अत्याचार का किया अंत



**यूनिक समय, मथुरा।** पौराणिक कथा के अनुसार कार्तिकेय का पालन-पोषण कृतिकाओं ने जंगल में किया था। बाद में शिव-पार्वती को जब अपने पुत्र के बारे में पता चला तो उन्होंने कार्तिकेय को कैलाश बुला लिया। पुत्र के लौटने से माता-पिता बेहद प्रसन्न हुए, लेकिन इसी दौरान देवता तारकासुर के अत्याचार से परेशान होकर कैलाश पहुंचे।

तारकासुर को वरदान था कि उसका वध केवल शिव-पुत्र ही कर सकता है। देवताओं ने कार्तिकेय की प्रतिभा और साहस को पहचानते हुए उन्हें विभिन्न विद्याएं और दिव्य अस्त्र-शस्त्र प्रदान किए। इसके बाद उन्होंने शिव-पार्वती से कार्तिकेय को अपना सेनापति बनाकर युद्ध में भेजने का आग्रह किया।

शिव-पार्वती के लिए पुत्र को युद्ध में भेजना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर लोककल्याण को रखा। कार्तिकेय देवताओं के साथ युद्धभूमि में पहुंचे और अपने साहस व शक्ति से तारकासुर का वध कर दिया।

इस कथा की सीख है कि माता-पिता को बच्चों को केवल सुविधाएं देने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाना चाहिए। बच्चों की प्रतिभा पहचानकर उन्हें सही दिशा देना भी जरूरी है। ज्ञान, शक्ति और सफलता का वास्तविक महत्व तभी है, जब उनका उपयोग समाज और दूसरों के कल्याण के लिए किया जाए। सच्चा नेतृत्व भी कठिन समय में जिम्मेदारी स्वीकार करने से पैदा होता है।

# सितंबर में इन तीन राशियों पर रहेगी शनि की नजर

### मिथुन, सिंह और कन्या को मेहनत का मिलेगा फल

### कन्या राशि वालों को रहना होगा विशेष सावधान




**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार सितंबर का महीना मिथुन, सिंह और कन्या राशि के जातकों के लिए परीक्षा वाला हो सकता है। शनि देव इन राशियों के धैर्य, कर्म और निर्णय क्षमता को परख सकते हैं। इस दौरान मेहनत और ईमानदारी से किए गए कार्यों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है, जबकि आलस्य और भाग्य के भरोसे रहना परेशानी बढ़ा सकता है।

मिथुन राशि वालों को जल्दबाजी और गलत तरीके अपनाने से बचना होगा। मेहनत के दम पर सफलता मिल सकती है। सिंह राशि के जातकों को अहंकार और विवाद से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। धैर्य बनाए रखना इनके लिए बेहद जरूरी रहेगा।

कन्या राशि के लोगों को कार्यक्षेत्र में अपनी योग्यता साबित करने के मौके मिल सकते हैं, लेकिन मानसिक तनाव परेशान कर सकता है। सही दिनचर्या अपनाना और योग-ध्यान को जीवन में शामिल करना लाभकारी माना गया है।

ज्योतिषीय मान्यता के मुताबिक सितंबर में तीनों राशियों के लिए शनि का संदेश स्पष्ट है-कर्म करते रहें, धैर्य रखें और गलत रास्ते से बचें। अच्छे कर्मों का फल मिलने की संभावना रहेगी।

# रक्षाबंधन के 21 दिन बाद कलाई से उतार सकते हैं रक्षासूत्र



**यूनिक समय, मथुरा।** रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और रक्षा के संकल्प का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहन भाई की कलाई पर राखी या रक्षासूत्र बांधती है। इसके साथ ही भाई बहन की रक्षा और हर परिस्थिति में साथ देने का संकल्प लेता है। पर्व बीतने के बाद कई लोगों के मन में सवाल रहता है कि राखी कितने दिन तक कलाई पर रखनी चाहिए और इसे उतारने का उचित समय क्या है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन पर बांधे गए रक्षासूत्र को कम से कम 21 दिन तक धारण करने की परंपरा बताई गई है। यदि किसी कारण से 21 दिन तक राखी पहनना संभव नहीं हो तो श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक इसे कलाई पर रखने की मान्यता भी प्रचलित है। वहीं कुछ परंपराओं में सावन पूर्णिमा से भाद्रपद पूर्णिमा तक यानी करीब 16 दिन राखी धारण करने की बात कही जाती है।

कई परिवारों में राखी को दशहरा तक पहनने की परंपरा भी है। कुछ लोग पूरे वर्ष राखी कलाई पर रखते हैं और अगले रक्षाबंधन पर पुरानी राखी उतारकर नई राखी बांधते हैं। इसके अलावा जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी को भी राखी उतारने के लिए शुभ दिन माना जाता है। ऐसे में राखी उतारने को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात परिवार की परंपरा और स्थानीय मान्यता मानी जाती है। राखी उतारते समय इष्टदेव का स्मरण करना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसे किसी शुभ समय में सम्मानपूर्वक उतारा जा सकता है। यदि राखी टूटने लगे, बहुत ढीली हो जाए या दैनिक कार्य में परेशानी पैदा करे तो भी इसे उतारने में कोई विशेष बाध्यता नहीं मानी जाती। राखी उतारने के बाद उसे कूड़े में फेंकने के बजाय सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखना उचित माना जाता है। प्राकृतिक सामग्री से बनी राखी को परिवार की परंपरा के अनुसार स्वच्छ स्थान पर रखा या विसर्जित किया जा सकता है। हालांकि प्लास्टिक और कृत्रिम सामग्री से बनी राखी को जल में प्रवाहित करने से बचना चाहिए। इसे साफ कपड़े में लपेटकर पूजा स्थल या किसी पवित्र स्थान पर रखना भी एक विकल्प है।

### जन्माष्टमी पर राखी उतारना भी माना जाता है शुभ

### उतारी राखी को कूड़े में फेंकना उचित नहीं है

## सम्पादकीय

# जब पचास हजार में मिल जाए डॉक्टर बनने का शोध

डॉक्टर बनने के लिए पढ़ाई करनी पड़ती है, मरीज देखने पड़ते हैं, शोध करना पड़ता है और वर्षों की मेहनत के बाद डिग्री मिलती है–कम से कम अब तक तो यही माना जाता था। लेकिन बिहार से सामने आई फर्जी शोध की कहानी इस पूरी व्यवस्था पर ऐसा सवाल खड़ा करती है, जिसका जवाब केवल मेडिकल कॉलेजों के पास नहीं, बल्कि पूरी चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था के पास होना चाहिए।

कथित तौर पर यहां शोध का बाजार इस अंदाज में चल रहा है कि विद्यार्थी विषय बताए, रकम दे और तैयार शोध प्रबंध घर पहुंच जाए। मरीज नहीं हैं? कोई चिंता नहीं। आंकड़े तैयार हैं। अस्पताल में शोध नहीं किया? कोई परेशानी नहीं। कागजों पर मरीज भी मिल जाएंगे और दवा का असर भी दिखाई देगा। ऐसा लगता है जैसे शोध नहीं, कहानी लिखी जा रही हो–बस पात्रों की जगह मरीज और आंकड़ों की जगह काल्पनिक संख्याएं रख दी गई हों।



पवन गौतम
संपादक

सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन डिग्रियों के सहारे डॉक्टर भविष्य में मरीजों का इलाज करेंगे, उनकी बुनियाद ही यदि फर्जी आंकड़ों पर रखी जा रही है तो सवाल केवल एक विद्यार्थी की ईमानदारी का नहीं रह जाता। यह सीधे मरीज की सुरक्षा से जुड़ जाता है। व्यंग्य देखिए कि शोध प्रबंध में मरीज का इलाज कागज पर हो सकता है, दवा का असर भी कागज पर मापा जा सकता है और सफलता की दर भी कागज पर बढ़ाई जा सकती है। फिर मौखिक परीक्षा में वही विद्यार्थी कुछ पन्ने पढ़कर विशेषज्ञों के सामने ज्ञान का प्रदर्शन कर सकता है। यानी जिस शोध को वर्षों की मेहनत से तैयार होना चाहिए, वह कुछ हजार रुपये में तैयार होने का दावा कर रहा है। और यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो सबसे बड़ा सवाल यह है कि जांच व्यवस्था आखिर कर क्या रही है? केवल चोरी की भाषा पकड़ने वाला सॉफ्टवेयर यह कैसे तय करेगा कि आंकड़े असली हैं या बनाए गए हैं? किसी शोध की असली परीक्षा उसकी भाषा नहीं, उसके पीछे मौजूद वास्तविक मरीज, प्रमाणित आंकड़े और शोध प्रक्रिया होनी चाहिए। चिकित्सा शिक्षा में फर्जी शोध केवल शैक्षणिक धोखा नहीं है। यह उस भरोसे के साथ खिलवाड़ है, जो मरीज डॉक्टर पर करता है। इसलिए दोषी मिलने पर केवल एजेंट या विद्यार्थी पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। यदि किसी शिक्षक की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। डॉक्टर की डिग्री कोई बाजार में बिकने वाली वस्तु नहीं है। यहां गलत आंकड़ा किसी परीक्षा में केवल अंक नहीं काटता, बल्कि किसी मरीज की जिंदगी पर भारी पड़ सकता है। बिहार की यह कहानी यदि सच साबित होती है तो इसे एक घोटाले की तरह नहीं,चिकित्सा शिक्षा के लिए चेतावनी की तरह देखना होगा। वरना कल शोध प्रबंध की दुकान पर बोर्ड लग सकता है–"मरीज आप मत लाइए, आंकड़े हम बना देंगे।"

स्कैन करें
संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

## नजरिया

# हिमालय ने नेपाल को दिखाया विकास का असली आईना

बोध प्रकाश सगुणी

नेपाल में 26 अगस्त को आई भयावह प्राकृतिक आपदा ने सिर्फ जान–माल को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि हिमालयी क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चीन और नेपाल के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम माने जाने वाले मार्ग के कई हिस्सों में बाढ़, भूस्खलन और ग्लेशियर से जुड़ी घटनाओं ने यह सोचने के लिए मजबूर किया है कि क्या हिमालय जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में विकास की रफ्तार प्रकृति की क्षमता से आगे निकल रही है?

चीन और नेपाल के बीच सड़क संपर्क को दोनों देशों के संबंधों में महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाता रहा है। तिब्बत से नेपाल तक जाने वाला मार्ग व्यापार, परिवहन और रणनीतिक संपर्क के लिए महत्वपूर्ण है। नेपाल के लिए चीन से सीधा संपर्क बढ़ाना आर्थिक दृष्टि से भी आकर्षक है। इससे वह अपने व्यापारिक विकल्पों का विस्तार करना चाहता है और किसी एक पड़ोसी पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की कोशिश करता है। लेकिन हिमालय की भौगोलिक वास्तविकता किसी राजनीतिक नारे या कूटनीतिक समझौते से नहीं बदलती। यही इस पूरी घटना का सबसे बड़ा संदेश है।

नेपाल और चीन के बीच हिमालय केवल सीमा नहीं है। यह एक अत्यंत जटिल प्राकृतिक क्षेत्र है, जहां ऊंचे पर्वत, ग्लेशियर, बर्फीली झीलें, खड़ी ढलानें और सक्रिय भूगर्भीय क्षेत्र मौजूद हैं। यहां सड़क बनाना सामान्य मैदानी इलाके में सड़क बनाने जैसा नहीं है। एक छोटी–सी प्राकृतिक हलचल भी बड़े क्षेत्र में भारी तबाही ला सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने और हिमनद झीलों के विस्तार ने इस जोखिम को और बढ़ा दिया है।

ऐसे में सबसे जरूरी सवाल यह नहीं होना चाहिए कि नेपाल चीन के करीब जा रहा है या भारत के। असली सवाल यह होना चाहिए कि नेपाल अपने विकास मॉडल को हिमालय की संवेदनशीलता के अनुरूप कितना बना रहा है।

नेपाल का भारत के साथ सदियों पुराना सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध है। दोनों देशों के बीच खुली सीमा, पारिवारिक संबंध और व्यापारिक संपर्क इसे विशिष्ट बनाते हैं। दूसरी ओर चीन के साथ संपर्क बढ़ाना नेपाल की संप्रभु पसंद है। किसी भी संप्रभु देश को अपने आर्थिक और सामरिक हितों के अनुसार दूसरे देशों के साथ संबंध विकसित करने का अधिकार है। इसलिए नेपाल के चीन से बढ़ते संपर्क को केवल भारत विरोध के चश्मे से देखना उचित नहीं होगा।

लेकिन यह भी उतना ही सही है कि किसी भी देश की विदेश नीति में भावनाओं से ज्यादा भौगोलिक और आर्थिक वास्तविकताओं का महत्व होता है। नेपाल को अपने दोनों बड़े पड़ोसियों के साथ संतुलित संबंध रखने चाहिए। भारत के साथ पुराने संबंधों को कमजोर करके चीन के साथ संबंध मजबूत करना कोई स्थायी विकास रणनीति नहीं हो सकती। इसी तरह चीन के साथ संपर्क बढ़ाना अपने आप में गलत नहीं है, लेकिन उसकी लागत, पर्यावरणीय जोखिम और दीर्घकालिक उपयोगिता का गंभीर आकलन आवश्यक है। 26 अगस्त की आपदा ने इसी आकलन की जरूरत को सामने ला दिया है।

चीन–नेपाल संपर्क मार्ग के आसपास पहले से ही हिमनदीय झीलों और अचानक आने वाली बाढ़ के खतरे को लेकर वैज्ञानिक चेतावनियां सामने आती रही हैं। यदि किसी क्षेत्र को प्राकृतिक रूप से उच्च जोखिम वाला माना गया है तो वहां सड़क, पुल, सुरंग, बंदरगाह या जलविद्युत परियोजना बनाने से पहले सामान्य पर्यावरणीय अध्ययन से कहीं अधिक कठोर वैज्ञानिक जांच आवश्यक है।



दुर्भाग्य यह है कि दुनिया के कई पर्वतीय क्षेत्रों में विकास की दौड़ में यही सावधानी पीछे छूट जाती है। सड़क चाहिए, व्यापार चाहिए, पर्यटन चाहिए, बिजली चाहिए और सीमा तक बेहतर संपर्क चाहिए–इन सभी जरूरतों को पूरा करना जरूरी है। लेकिन हिमालय से उसकी क्षमता से अधिक काम लेने की कोशिश अंततः मानव जीवन के लिए खतरा बन सकती है।

इस आपदा को केवल चीन की परियोजनाओं की विफलता कहना भी उतना ही सरल निष्कर्ष होगा जितना इसे पूरी तरह प्राकृतिक घटना मान लेना। प्राकृतिक आपदाओं का तत्काल कारण प्रकृति हो सकती है, लेकिन नुकसान कितना होगा, यह मानव निर्माण, भूमि उपयोग, जलनिकासी, ढलानों की स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं पर भी निर्भर करता है। नेपाल के लिए यह समय आरोप–प्रत्यारोप का नहीं, आत्ममंथन का है। उसे चीन और भारत दोनों के साथ अपने संबंधों को व्यावहारिक आधार पर आगे बढ़ाना चाहिए। चीन से व्यापार और संपर्क बढ़ाना है तो बढ़ाए, लेकिन हर परियोजना की पर्यावरणीय और भूगर्भीय सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारत के साथ पारंपरिक संबंध हैं तो उन्हें भी आर्थिक अवसरों में बदला जाए। दोनों देशों से मिलने वाले संसाधनों, तकनीक और बाजार का उपयोग नेपाल अपने विकास के लिए कर सकता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिमालय को केवल सड़क और व्यापार का गलियारा समझना बंद करना होगा। यह एक जीवित और अत्यंत संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र है। यहां की नदियां, ग्लेशियर और पर्वत केवल नेपाल की संपत्ति नहीं हैं; इनका प्रभाव पूरे दक्षिण एशिया पर पड़ता है।

26 अगस्त की त्रासदी इसलिए एक चेतावनी भी है। विकास जरूरी है, संपर्क जरूरी है और आर्थिक प्रगति भी जरूरी है, लेकिन प्रकृति की कीमत पर नहीं। चीन से दोस्ती हो या भारत से संबंध–किसी भी कूटनीतिक समीकरण से ऊपर नागरिकों की सुरक्षा और पर्यावरण की रक्षा होनी चाहिए।

हिमालय ने एक बार फिर बता दिया है कि पहाड़ों से जिद नहीं की जा सकती। वहां विकास करना है तो प्रकृति के साथ समझौता नहीं, समझदारी का समझौता करना होगा। नेपाल के लिए यही इस आपदा का सबसे बड़ा सबक है।

## विचार विंडो

# जेवलिन सौदा भारत की सैन्य क्षमता को देगा नई धार

राम प्रकाश शर्मा

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंधों में जेवलिन रोधी टैंक मिसाइल प्रणाली से जुड़ा समझौता केवल हथियार खरीदने की एक सामान्य प्रक्रिया नहीं है। इसे भारत की बदलती सैन्य जरूरतों और दोनों देशों के बीच तेजी से गहरे होते रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। भारतीय सेना लंबे समय से ऐसी आधुनिक रोधी टैंक प्रणाली की आवश्यकता महसूस कर रही है, जो सैनिकों को अधिक सटीक प्रहार क्षमता देने के साथ–साथ युद्धक्षेत्र में तेजी से स्थान बदलने की सुविधा भी प्रदान करे। जेवलिन इसी आवश्यकता को काफी हद तक पूरा करने वाली प्रणाली मानी जाती है।

भारतीय सेना करीब डेढ़ दशक से आधुनिक तीसरी पीढ़ी की रोधी टैंक मिसाइल प्रणाली की तलाश में रही है। पुराने समय की तार–निर्देशित प्रणालियों में सैनिकों को लक्ष्य पर लगातार नजर बनाए रखनी पड़ती थी। इससे प्रहार करने के बाद सैनिक की स्थिति उजागर होने का खतरा बना रहता था। जेवलिन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में लक्ष्य साधने के बाद सैनिक के तत्काल स्थान बदलने की क्षमता शामिल है। इससे अग्रिम मोर्चे पर तैनात छोटे सैन्य दलों की सुरक्षा और गतिशीलता दोनों बढ़ सकती हैं।

आज के युद्धक्षेत्र में बख्तरबंद वाहनों की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन वे अब भी सैन्य अभियानों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे में पैदल सैनिकों के पास प्रभावी रोधी टैंक क्षमता होना आवश्यक है। विशेष रूप से सीमावर्ती और दुर्गम इलाकों में हल्की तथा आसानी से ले जाई जा सकने वाली मिसाइल प्रणाली का महत्व बढ़ जाता है। जेवलिन की यही विशेषता इसे भारतीय सेना के लिए उपयोगी विकल्प बनाती है।

हालांकि किसी भी विदेशी हथियार प्रणाली की खरीद को केवल उसकी मारक क्षमता के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी तत्काल सैन्य जरूरतों और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के बीच संतुलन बनाने की है। देश पिछले कुछ वर्षों से रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहा है। बड़ी संख्या में विदेशी हथियार खरीदने की नीति लंबे समय में



तभी उपयोगी साबित होगी, जब उसके साथ तकनीक, निर्माण क्षमता और देश के रक्षा उद्योग को मजबूत करने का अवसर भी मिले।

जेवलिन समझौते की सबसे महत्वपूर्ण बात इसी बिंदु पर सामने आती है। भारत और अमेरिका के बीच हुए प्रस्तावित सहयोग में भविष्य में संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं का उल्लेख किया गया है। यदि यह संभावना वास्तविक औद्योगिक साझेदारी में बदलती है तो इसका लाभ केवल सेना की वर्तमान जरूरतों तक सीमित नहीं रहेगा। भारतीय कंपनियों को उत्पादन, रखरखाव और संबंधित तकनीकी क्षेत्रों में अवसर मिल सकते हैं। इससे देश के रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

भारत–अमेरिका संबंध भी इस समझौते के कारण एक नए चरण में प्रवेश करते दिखाई देते हैं। पिछले वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग लगातार बढ़ा है। सैन्य अभ्यासों, तकनीकी सहयोग और रक्षा उपकरणों की खरीद के साथ अब दोनों देश रक्षा उत्पादन और औद्योगिक साझेदारी की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। भारत के लिए यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बदलते वैश्विक सुरक्षा वातावरण में किसी एक देश पर निर्भर रहने की नीति व्यावहारिक नहीं हो सकती।

फिर भी भारत को इस सौदे के प्रति संतुलित दृष्टिकोण रखना होगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी जेवलिन प्रणालियां खरीदी जा रही हैं और इस खरीद पर कुल कितना खर्च होगा। इसलिए केवल इस समझौते के आधार पर यह दावा करना उचित नहीं होगा कि भारतीय सेना की रोधी टैंक क्षमता में तत्काल व्यापक परिवर्तन हो जाएगा। हथियारों की संख्या, उनकी तैनाती, प्रशिक्षण, रखरखाव और युद्धक परिस्थितियों में उपयोग की वास्तविक क्षमता ही अंततः इसकी उपयोगिता तय करेगी। एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि विदेशी हथियार प्रणाली को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप इस्तेमाल करने के लिए सैनिकों को पर्याप्त प्रशिक्षण देना होगा। ऊंचाई वाले क्षेत्रों, रेगिस्तानी इलाकों और कठिन भूभाग में सैन्य संचालन की परिस्थितियां अलग–अलग होती हैं। इसलिए किसी आधुनिक मिसाइल प्रणाली की सफलता केवल उसकी तकनीक पर निर्भर नहीं करती। सैनिकों का प्रशिक्षण, रसद व्यवस्था, रखरखाव और समय पर उपलब्धता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारत को जेवलिन जैसी विदेशी प्रणालियों को तत्काल आवश्यकता पूरी करने के साधन के रूप में देखना चाहिए, लेकिन साथ ही स्वदेशी विकल्पों के विकास को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। देश में पहले से ही कई आधुनिक रोधी टैंक प्रणालियों के विकास और उत्पादन की दिशा में काम हो रहा है। भविष्य की रणनीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें आवश्यकता पड़ने पर विदेशी तकनीक और प्रणालियों का उपयोग किया जाए, लेकिन दीर्घकाल में घरेलू रक्षा उत्पादन मजबूत हो।

जेवलिन समझौते का वास्तविक महत्व इसी संतुलन में छिपा है। यदि भारत को अत्याधुनिक सैन्य क्षमता के साथ उत्पादन और तकनीकी सहयोग का लाभ मिलता है तो यह सौदा अधिक प्रभावी साबित होगा। इसके विपरीत यदि यह केवल तैयार हथियार खरीदने तक सीमित रहता है तो इसका लाभ मुख्यतः तत्काल सैन्य आवश्यकता तक ही रहेगा।

इसलिए जेवलिन को केवल दुश्मन के टैंकों को नष्ट करने वाली मिसाइल के रूप में देखना पर्याप्त नहीं है। यह भारत की सैन्य आधुनिकीकरण नीति, रक्षा आत्मनिर्भरता और अमेरिका के साथ बढ़ते रणनीतिक सहयोग के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बन सकता है। आने वाले समय में इसकी सफलता इस बात से तय होगी कि भारत इस समझौते को कितनी दूर तक औद्योगिक और तकनीकी साझेदारी में बदल पाता है। भारत की सुरक्षा नीति का लक्ष्य केवल अधिक हथियार जुटाना नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत सैन्य और औद्योगिक क्षमता तैयार करना होना चाहिए जो लंबे समय तक देश की जरूरतें पूरी कर सके। जेवलिन सौदा इस दिशा में एक उपयोगी कदम हो सकता है, बशर्ते तत्काल सैन्य जरूरत के साथ दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता को भी समान महत्व दिया

### अंक तालिका में टॉप पर भारत

# एशिया कप में कब खेलेगी टीम इंडिया अगला मैच?

## शेफाली के तूफान से थाईलैंड पस्त

## अब हांगकांग के बाद पाकिस्तान की बारी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार अंदाज में अपने अभियान की शुरुआत की है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने पहले मुकाबले में थाईलैंड को 94 रन से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया। इस बड़ी जीत के बाद भारतीय टीम ग्रुप ए की अंक तालिका में बेहतर नेट रन रेट के आधार पर पहले स्थान पर पहुंच गई है। अब टीम इंडिया की नजरें अपने अगले मुकाबले पर हैं, जहां उसका सामना तीन सितंबर को हांगकांग चाइना से होगा।

थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी की। टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने शानदार और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने महज 36 गेंदों में 64 रन की तूफानी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान शेफाली ने आठ चौके और तीन छक्के लगाए। उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत भारत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई। थाईलैंड की पूरी टीम 16.1 ओवर में सिर्फ 65 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह भारतीय टीम ने मुकाबला 94 रन से अपने नाम कर लिया। भारत की गेंदबाजों ने शुरुआत से ही थाईलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा और नियमित अंतराल पर विकेट हासिल किए।

इस जीत के साथ भारत के खाते में दो अंक हो गए हैं। बेहतर नेट रन रेट के कारण टीम ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर है। थाईलैंड ने अब तक टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले हैं, जिसमें उसे एक मैच में जीत और एक में हार मिली है। उसके खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट भारत से कम होने के कारण वह अंक तालिका में पीछे है। पाकिस्तान ने अभी तक अपना पहला मुकाबला नहीं खेला है। पाकिस्तानी टीम एक सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।


भारतीय टीम तीन सितंबर को हांगकांग चाइना के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। इसके बाद पांच सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित महामुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित होगा। क्रिकेट फैंस की नजरें इस मैच पर टिकी हुई हैं। टीम इंडिया की कोशिश होगी कि हांगकांग के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी स्थिति और मजबूत करे और पाकिस्तान के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखे। लगातार जीत हासिल कर भारतीय टीम की नजरें सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने पर होंगी।






# अनुपम खेर पर चढ़ा रील्स का खुमार





## सतीश कौशिक की बेटी संग किया डांस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने मजेदार अंदाज से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। वह लगातार रील्स बनाकर फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। अब उन्होंने दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक की बेटी वंशिका कौशिक के साथ एक डांस वीडियो बनाया है, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वीडियो में वंशिका डांस करती नजर आ रही हैं, जबकि अनुपम खेर उनके डांस स्टेप्स को कॉपी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों का यह अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

वंशिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में बताया कि अनुपम खेर ने उनसे कहा था कि उनकी डांसिंग रील्स इन दिनों खूब वायरल हो रही हैं। इसी वजह से उन्होंने साथ में यह रील बनाने की इच्छा जताई। वंशिका ने मजाकिया अंदाज में लिखा कि वह अनुपम अंकल की इस रिक्वेस्ट को कैसे मना कर सकती थीं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी इस रिक्वेस्ट में उन्हें कहीं न कहीं थोड़ी धमकी भी नजर आई। सतीश कौशिक के निधन के बाद से अनुपम खेर वंशिका के साथ लगातार खड़े रहे हैं। दोनों के बीच पिता-बेटी जैसा खास रिश्ता है। हाल ही में वंशिका के 14वें जन्मदिन पर अनुपम खेर ने भावुक पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह उसका कन्यादान करना चाहते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुपम खेर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'श्री रामभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। अयोध्या में शूट हुई इस फिल्म में वह अशोक सिंघल की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है।

# अब घर पर पनीर बना रहीं ट्विंकल खन्ना, मां डिंपल से छिड़ा मुकाबला

## तुकाराम मुंढे की कार्रवाई का असर





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री और लेखिका ट्विंकल खन्ना अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं।

हाल ही में उन्होंने महाराष्ट्र के फूड सेफ्टी अभियान को लेकर अपने कॉलम में प्रतिक्रिया दी। ट्विंकल ने बताया कि तुकाराम मुंढे की सख्त कार्रवाई से प्रेरित होकर उन्होंने अपनी रसोई में भी छापेमारी की।

वहां उन्हें मसाले का एक पुराना पैकेट मिला, जिसकी एक्सपायरी को लेकर उन्होंने मजाक किया। इसी के साथ उन्होंने खाने-पीने की चीजों में मिलावट को लेकर चिंता जताई और बताया कि अब वह अपनी मां डिंपल कपाड़िया के साथ घर पर ही पनीर बना रही हैं। ट्विंकल ने अपने कॉलम में बताया कि नकली पनीर को लेकर सामने आ रही खबरों के बाद उन्होंने और उनकी मां ने घर पर पनीर बनाना शुरू कर दिया है।

उनके मुताबिक, डिंपल के घर पर एक लीटर दूध से करीब 250 ग्राम पनीर तैयार होता है, जबकि उनके घर में इतनी ही मात्रा के दूध से करीब 180 ग्राम पनीर बनता है। अब दोनों के बीच इस बात को लेकर मुकाबला शुरू हो गया है कि किसका पनीर ज्यादा स्वादिष्ट है। ट्विंकल ने मजाक में कहा कि उन्हें डर है कि कहीं यह प्रतियोगिता आगे चलकर पनीर के ज्यादा सफेद होने तक न पहुंच जाए। महाराष्ट्र में खाद्य सुरक्षा को लेकर हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए ट्विंकल ने अपने खास अंदाज में तुकाराम मुंढे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने लिखा कि बचपन में मेलों में मिलने वाली बुड्डी के बाल गुलाबी रंग की होती थी, लेकिन अब इसका रंग बदल गया है।

ट्विंकल ने इस बदलाव को मुंढे की कार्रवाई से जोड़ते हुए मजाकिया टिप्पणी की। उन्होंने उन्हें एक नया मजेदार नाम भी दिया। अपने कॉलम में ट्विंकल ने मिलावट से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने बिहार के नालंदा की एक खबर का हवाला देते हुए बताया कि नमक की जगह डिटर्जेंट इस्तेमाल होने से एक छात्र की तबीयत बिगड़ गई थी। इस तरह अपने व्यंग्य के जरिए ट्विंकल ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और मिलावट के मुद्दे पर ध्यान खींचा।

# गोविंदा से दूर सुनीता के साथ कृष्णा-आरती ने मनाई राखी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गोविंदा के परिवार में चल रहे मनमुटाव के बीच रक्षाबंधन का त्योहार खास अंदाज में मनाया गया। गोविंदा और सुनीता अहूजा के बच्चों टीना और यशवर्धन ने अपने चचेरे भाई-बहन कृष्णा अभिषेक और आरती सिंह के साथ राखी का त्योहार मनाया। इस दौरान सुनीता अहूजा भी परिवार के साथ नजर आईं, लेकिन गोविंदा इस पारिवारिक जश्न का हिस्सा नहीं दिखे। टीना अहूजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रक्षाबंधन समारोह की तस्वीरें और वीडियो साझा किए। तस्वीरों में सभी परिवार के सदस्य खुश नजर आए। टीना ने अपने भाई यशवर्धन को राखी बांधी, वहीं कृष्णा और आरती के साथ भी उन्होंने खुशी के पल बिताए। तस्वीरों में परिवार के बीच अच्छी बॉन्डिंग और अपनापन देखने को मिला। सोशल मीडिया यूजर्स को भी यह पारिवारिक मिलन काफी पसंद आया। कृष्णा अभिषेक और गोविंदा के परिवार के बीच लंबे समय से मनमुटाव की खबरें सामने आती रही हैं। हालांकि, पिछले कुछ समय में रिश्तों में सुधार के संकेत मिले हैं। सुनीता अहूजा हाल ही में कृष्णा अभिषेक और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह के साथ टीवी शो में नजर आई थीं। इसके बाद दोनों परिवारों के रिश्ते बेहतर होने की चर्चा शुरू हुई। रक्षाबंधन पर टीना, यशवर्धन, कृष्णा और आरती का एक साथ नजर आना भी इसी बदले माहौल की ओर इशारा करता है। हालांकि, इस पूरे जश्न में गोविंदा की गैरमौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा। पिछले दिनों गोविंदा और सुनीता के रिश्ते को लेकर भी कई तरह की चर्चाएं सामने आई थीं, लेकिन अभिनेता ने इन खबरों और आरोपों को खारिज किया था। ऐसे में परिवार के बच्चों का साथ आना पुरानी दूरियों के बीच रिश्तों में नई शुरुआत का संकेत माना जा रहा है।

# स्पेन को हराकर जर्मनी चौथी बार बना वर्ल्ड चैंपियन

## पाकिस्तान के रिकॉर्ड की बराबरी




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जर्मनी ने शानदार डिफेंस के दम पर स्पेन को 1-0 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। बेल्जियम के वावरे में खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले हाफ में जर्मनी और स्पेन ने गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। दोनों टीमों को शुरुआती 15 मिनट में एक-एक पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, मगर उसका फायदा नहीं उठा सकीं। तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने जर्मनी पर दबाव बढ़ाया और लगातार हमले किए, लेकिन जर्मन डिफेंस को भेदना उसके लिए मुश्किल साबित हुआ। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल 44वें मिनट में माइकल स्ट्रुथॉफ ने किया। जर्मनी ने दोनों फ्लैंक से शानदार तालमेल बनाकर हमला तैयार किया और दाईं ओर से मिले पास को स्ट्रुथॉफ ने गोल में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद स्पेन ने बराबरी के लिए पूरी ताकत लगा दी। आखिरी मिनटों में स्पेन ने अपने गोलकीपर को बाहर बुलाकर अतिरिक्त आक्रामक खिलाड़ी के साथ खेलने का फैसला किया, लेकिन जर्मनी की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने उसकी कोशिशें नाकाम रहीं। इस जीत के साथ जर्मनी ने चौथी बार हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब जीता और पाकिस्तान के चार वर्ल्ड कप खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। जर्मनी इससे पहले 2002, 2006 और 2023 में चैंपियन बना था। वहीं पाकिस्तान ने 1971, 1978, 1982 और 1994 में चार बार यह ट्रॉफी जीती थी। स्पेन लंबे इंतजार के बाद फाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसका पहली बार विश्व चैंपियन बनने का सपना पूरा नहीं हो सका। सेमीफाइनल में स्पेन ने नीदरलैंड्स को 4-3 और जर्मनी ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया था। ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड्स को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

# शामली में अंकित हत्याकांड में दो शूटर मुठभेड़ में ढेर



### पुलिस ने दोनों शूटरों को घेरा

### जांच में गैंगवार और गाने का विवाद जुड़ा

**यूनिक समय, शामली।** शामली में हरियाणवी गायक अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कथित शूटरों को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बाइक से शामली से सोनीपत की ओर भाग रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि पकड़े जाने के डर से दोनों ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सुमित और मोहित के रूप में हुई है। दोनों सोनीपत के रहने वाले बताए गए हैं और उन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से बाइक बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से करीब 20 राउंड गोलियां चलने की बात सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक, 26 अगस्त को शामली में जिम से निकलने के दौरान अंकित बालियान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उन पर कई राउंड फायरिंग की थी। जांच के दौरान चार संदिग्ध हमलावरों की पहचान हुई, जिनमें दो अभी फरार बताए जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बताया कि हत्या के पीछे पुरानी गैंगवार के साथ अंकित के एक गाने से जुड़ा विवाद भी संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गाने में अंकित ने केवल अभिनय किया था, लेकिन उसे विरोधी गिरोह के समर्थन से जोड़कर देखा गया।

अंकित के पिता ने कार्रवाई के बाद कहा कि उन्हें अभी आधा न्याय मिला है और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी का इंतजार है। पुलिस फरार आरोपियों और साजिश में शामिल लोगों की तलाश में जुटी है।

### प्रयागराज में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट

# पांच लोगों की मौत, 15 लोग झुलसे



### धमाके से आसपास के कई मकान ढहे

### चारपाई पर घायलों को अस्पताल पहुंचाते दिखे ग्रामीण

**यूनिक समय, प्रयागराज।** प्रयागराज-कौशांबी सीमा पर सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग झुलस गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री पूरी तरह ढह गई और आसपास के कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस और वायुसेना की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं।

हादसा कौशांबी जिले के मोहम्मदपुर गांव में करीब दोपहर साढ़े 12 बजे हुआ। यह गांव प्रयागराज सीमा के पास है और मनौरी स्थित वायुसेना केंद्र से करीब दो किलोमीटर दूर है। बताया गया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। आसपास के घरों में मौजूद कुछ लोग भी इसकी चपेट में आकर घायल हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक तेज धमाका हुआ और कुछ ही देर में पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया। पटाखों के कारण लगातार धमाकों की आवाज आती रही। धमाके की गूंज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने राहत कार्य में भी मदद की। झुलसे लोगों और घायलों को चारपाई पर लादकर अस्पताल पहुंचाया गया। एक बच्चा भी गंभीर रूप से झुलसा है। घटनास्थल से मलबा हटाने के लिए बुलडोजर मंगाए गए। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस और दमकल की टीमें राहत कार्य में लगी हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। गंभीर रूप से घायल लोगों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेजा गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

प्रारंभिक जानकारी में तीन मकानों के क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई थी, जबकि बाद में आसपास के पांच से सात मकानों के टूटने की जानकारी सामने आई। फैक्ट्री मालिक का नाम आदिल बताया जा रहा है। प्रशासन हादसे के कारणों और फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की जांच कर रहा है।

# अलीगढ़ रिसॉर्ट में देह व्यापार का पुलिस ने किया भंडाफोड़



### छापे में पांच महिलाएं और चार पुरुष पकड़े

### नकदी मोबाइल और आपत्तिजनक सामग्री भी मिली

### नौ आरोपियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**यूनिक समय, अलीगढ़।** अलीगढ़ के मड़राक थाना क्षेत्र में पुलिस ने कृष्णा रिसॉर्ट पर छापा मारकर कथित देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से रिसॉर्ट में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान मौके से पांच महिलाओं और चार पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से नौ मोबाइल फोन, 8,990 रुपये नकद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रिसॉर्ट के भीतर अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर क्षेत्राधिकारी इगलास कमलेश कुमार के निर्देशन में मड़राक पुलिस ने कार्रवाई की। टीम ने आगरा रोड स्थित कृष्णा रिसॉर्ट में पहुंचकर कमरों की तलाशी ली। पुलिस की कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

जांच में सामने आया कि रिसॉर्ट में महिलाओं के जरिए कथित रूप से देह व्यापार कराया जा रहा था। पुलिस ने मौके से चार पुरुषों और पांच महिलाओं को हिरासत में लिया। गिरफ्तार पुरुषों की पहचान पिंकू उर्फ विशाल, अभिषेक कुमार, चंदन और अमित के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी अलीगढ़ के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रिसॉर्ट में कथित रूप से ग्राहकों को बुलाकर महिलाओं के माध्यम से अनैतिक गतिविधियां कराई जा रही थीं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे मामले में रिसॉर्ट संचालक या अन्य लोगों की क्या भूमिका थी। बरामद मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# आगरा में प्रेमी युगल के शव फंदे से लटके मिले

### शादीशुदा युवक और युवती का रिश्ता तय था, घर में अकेली थी युवती

### पुलिस ने की जांच शुरू


**यूनिक समय, आगरा।** आगरा के एत्मादपुर थाना क्षेत्र के रहनकला गांव में सोमवार सुबह युवक और युवती के शव फंदे से लटके मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। दोनों के शव युवती के घर में चुन्नी के सहारे लटके मिले। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक युवक की पहचान प्रीतम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह शादीशुदा था और एक वाहन परिवहन कंपनी के लिए काम करता था। वहीं युवती इंद्रवती का कुछ दिन पहले ही रिश्ता तय हुआ था। रविवार को युवती के माता-पिता रिश्तेदारी में गए हुए थे। इसी दौरान दोनों के घर में होने की बात सामने आई।

सुबह परिजनों को घटना का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पश्चिमी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त आदित्य कुमार के अनुसार, सुबह करीब सात बजे सूचना मिली थी। मौके से कोई लिखित संदेश नहीं मिला। पुलिस ने दोनों के मोबाइल फोन कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस को आशंका है कि घटना रात में हुई होगी, हालांकि मौत का सही समय पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। मृतक के भाई रवि ने बताया कि परिवार को दोनों के संबंधों की जानकारी नहीं थी। पुलिस प्रेम संबंध समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

# 150 वें वर्ष में भव्य होगी आगरा की ऐतिहासिक राम बारात



### स्वचालित झांकियों में दिखेगी धार्मिक विरासत

रामबारात में देश के विभिन्न हिस्सों से झांकियां शामिल करने के प्रस्ताव मिले हैं। करीब 100 झांकियों में आधुनिक तकनीक से तैयार स्वचालित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। गोवर्धन से जुड़ी स्वचालित झांकी और हरिद्वार की डाक कांवड़ भी विशेष आकर्षण होंगी। हालांकि किनारी बाजार और रावतपाड़ा की संकरी सड़कों को देखते हुए सीमित संख्या में ही झांकियों को शामिल किया जाएगा। 150वें वर्ष में पहली बार रामबारात और विजयदशमी पर इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी की तैयारी है। वहीं, वृंदावन की मंडली पारंपरिक शैली में रामलीला का मंचन करेगी। एक अक्तूबर को श्रीराम जन्मोत्सव और दो अक्तूबर को सीता जन्मोत्सव विशेष रूप से मनाया जाएगा। 24 अक्तूबर को मानस पाठ के समापन और स्वरूपों की विदाई के साथ महोत्सव संपन्न होगा।

### 25 सितंबर से शुरू होगा रामलीला महोत्सव

### 100 झांकियों संग पहली बार इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी आकर्षण

**यूनिक समय, आगरा।** ऐतिहासिक श्रीरामलीला महोत्सव इस वर्ष 150वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए श्रीरामलीला कमेटी ने धार्मिक परंपराओं के साथ आधुनिक तकनीक को जोड़ने की तैयारी की है। इस बार रामबारात में करीब 100 झांकियां शामिल होंगी। इनमें स्वचालित झांकियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी। वहीं रामबारात और विजयदशमी पर पहली बार प्रदूषण रहित इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा।

रामलीला महोत्सव का शुभारंभ 25 सितंबर को गणेश पूजन और मुकुट पूजन के साथ होगा। इसके बाद विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 और 26 सितंबर को श्रीगणेश महाराज की मुकुट सवारी निकलेगी, जबकि 28 सितंबर को गणेश महाराज की सवारी नगर भ्रमण करेगी। 29 सितंबर को रावण की दुहाई का नगर भ्रमण होगा। 30 सितंबर को रामलीला मैदान में मंचीय लीलाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

# यूपी में 61 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलेगा

### 20 हजार नकद संग मिलेगा सेवा विस्तार

### पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर होगा सम्मान

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची जारी कर दी है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत इन शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के रूप में प्रत्येक शिक्षक को 20 हजार रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र और दो वर्ष का सेवा विस्तार दिया जाएगा।

पुरस्कार के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शिक्षकों का चयन किया गया है। सूची में आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, एटा, इटावा, फर्रुखाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मथुरा, प्रयागराज, शामली, लखनऊ वाराणसी समेत कई जिलों के शिक्षक शामिल हैं। सरकार की ओर से चयनित शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ आर्थिक प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक को 20 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और दो साल का सेवा विस्तार मिलेगा। पुरस्कार सूची में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षकों को शामिल किया गया है।

# कल से बदल जाएंगे पांच बड़े नियम, इन चीजों पर पड़ेगा असर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हर महीने की शुरुआत में आम लोगों से जुड़े कई नियम और व्यवस्थाएं बदलती हैं। एक सितंबर 2026 से भी ऐसे कई बदलाव होने जा रहे हैं, जिनका असर सीधे लोगों की जेब और रोजमर्रा के कामकाज पर पड़ सकता है। इनमें अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा, एलपीजी ई–केवाईसी, मुंबई में दूध की कीमत और ईंधन की दरें प्रमुख हैं।

एक सितंबर से भारत से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले यात्रियों को आव्रजन काउंटर पर बोर्डिंग पास पर मुहर लगवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री अपने मोबाइल में इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास दिखा सकेंगे। मुद्रित बोर्डिंग पास



का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा। इससे हवाई अड्डे पर यात्रियों की प्रक्रिया आसान होने की उम्मीद है।

मुंबई में डेयरी फार्म से मिलने वाले ताजे

## यात्रियों और करदाताओं के लिए भी होंगे अहम बदलाव

## मुंबई में भैंस का दूध महंगा होगा

## एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई–केवाईसी जरूरी

## पेट्रोल–डीजल की कीमतों पर भी नजर

भैंस के दूध की थोक कीमत एक सितंबर से 93 रुपये से बढ़कर 102 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। मुंबई दुग्ध उत्पादक संघ ने कीमत में नौ रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। नई दर 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेगी। हालांकि, खुदरा बाजार में उपभोक्ताओं को कीमत में कितनी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ेगा, यह स्थानीय विक्रेताओं पर निर्भर करेगा।

एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए ई–केवाईसी की अंतिम तिथि 31 अगस्त बताई गई है। जिन उपभोक्ताओं ने समय पर ई–केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें एक सितंबर से गैस सिलिंडर की आपूर्ति या सब्सिडी से संबंधित परेशानी हो सकती है।

तेल और गैस कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों की समीक्षा करती हैं। इसलिए एक सितंबर को इनकी दरों में बदलाव संभव है। नई कीमतों की जानकारी संबंधित कंपनियों की घोषणा के बाद स्पष्ट होगी।

व्यवसाय या पेशे से आय वाले कुछ करदाताओं के लिए आकलन वर्ष 2026–27 का आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त है। समयसीमा चूकने पर विलंबित रिटर्न और लागू शुल्क का सामना करना पड़ सकता है।


# दिल्ली एसआईआर ड्राफ्ट सूची जारी, 47.7 लाख नाम बाहर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सोमवार, 31 अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गई। करीब 1.45 करोड़ मौजूदा मतदाताओं में से लगभग 47.7 लाख नाम ड्राफ्ट सूची में दिखाई नहीं देंगे। ऐसे मतदाताओं को अपना नाम शामिल कराने के लिए 30 सितंबर तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है।

मतदाता अपना नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर जांच सकते हैं। इसके लिए संबंधित पुनरीक्षण पृष्ठ पर जिला, विधानसभा क्षेत्र और भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद सुरक्षा कोड भरकर सूची की पीडीएफ में अपना नाम देखा जा सकेगा।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, जिन मतदाताओं का विवरण वर्ष



2002 की पुरानी पुनरीक्षण सूची से मेल नहीं खाएगा, उनसे जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज मांगे जा सकते हैं। नाम, उम्र अथवा पारिवारिक संबंधों में अंतर मिलने पर भी मतदाता से स्पष्टीकरण लिया जा सकता है।

दस्तावेजों की जरूरत मतदाता की जन्मतिथि के आधार पर तय होगी। एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे व्यक्ति को अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान से संबंधित दस्तावेज देना होगा। एक जुलाई 1987 से दो दिसंबर 2004 के बीच जन्मे मतदाता को अपने साथ माता या पिता में से किसी एक का संबंधित दस्तावेज देना होगा।

वहीं, दो दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाताओं के मामले में स्वयं के साथ माता–पिता दोनों से जुड़े दस्तावेज मांगे जा सकते हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड अकेले पर्याप्त दस्तावेज

## नाम छूटा तो 30 सितंबर तक दावा करने का मौका मिलेगा

## जन्मतिथि के अनुसार मांगे जाएंगे अलग अलग जरूरी दस्तावेज

नहीं माना जाएगा।

जिन लोगों तक गणना प्रपत्र नहीं पहुंच पाया या जो इसे जमा नहीं कर सके, वे भी नाम जुड़वाने का दावा कर सकते हैं। ऐसे मतदाता प्रपत्र–6 के माध्यम से ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर किया जा सकता है, जबकि ऑफलाइन आवेदन संबंधित मतदान केंद्र पर जमा होगा।

# पीएम मोदी ने पेजेशकियन से की अहम द्विपक्षीय वार्ता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक पहुंचे, जहां उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को मजबूत करने और साझा हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले प्रधानमंत्री ने अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान से भी मुलाकात की और दोनों देशों के संबंधों तथा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय किर्गिस्तान यात्रा पर हैं। इस दौरान वह शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। एक सितंबर को होने वाले सम्मेलन में वह क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, विकास और आतंकवाद से मुकाबले जैसे मुद्दों पर भारत का पक्ष रखेंगे।

बश्केक पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री

## किर्गिस्तान दौरे पर कई देशों के नेताओं से मिले

## एससीओ सम्मेलन में क्षेत्रीय मुद्दों पर रखेंगे भारत का पक्ष

मोदी ने महात्मा गांधी स्मारक पर जाकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने भारतीय समुदाय और विभिन्न समुदायों के लोगों से भी मुलाकात की।

प्रधानमंत्री मोदी आज छठे विश्व घुमंतू खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे। इन खेलों में मध्य एशिया की पारंपरिक संस्कृति और खेलों की झलक देखने को मिलेगी। एससीओ सम्मेलन का विषय 'एससीओ के 25 वर्ष: सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर साथ–साथ' रखा गया है।

## न्यूयॉर्क में तिरंगे के अपमान पर रिजिजू नाराज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन के बाहर भारतीय ध्वज के कथित अपमान का मामला सामने आया है। कार्यक्रम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच एक व्यक्ति को तिरंगे को पैर में बांधकर अपमान करते देखा गया। इसके बाद कुछ प्रदर्शनकारियों ने भारतीय ध्वज के टुकड़े किए और खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने घटना का वीडियो साझा कर कड़ी प्रतिक्रिया जताई।

# दिल्ली में चलती बस में छात्रा से दुष्कर्म

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना चार अगस्त को बताई गई है। पुलिस ने मामले में बस चालक कुलदीप और परिचालक संदीप को गिरफ्तार किया है। दोनों पर छात्रा के साथ दुष्कर्म करने और विरोध करने पर धमकाने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक, मैनपुरी निवासी 11वीं की छात्रा पारिवारिक

## चालक–परिचालक गिरफ्तार

विवाद के बाद बिना बताए नोएडा में अपने रिश्तेदार के घर जाने निकली थी। बारिश और अंधेरे के कारण वह ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर उतर गई। नोएडा जाने के लिए वाहन का इंतजार करते समय उसने एक खाली स्लीपर बस को रुकने का इशारा किया। चालक और परिचालक ने उसे बस में बैठा लिया और नोएडा सेक्टर–63 जाने की बात कही। आरोप है कि बस चलने के बाद दोनों ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

बस करीब 47 किलोमीटर चलने के बाद उसे कश्मीरी गेट के पास उतार दिया गया। इसके बाद छात्रा ने पुलिस से संपर्क किया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बस की पहचान की। दोनों आरोपियों को तिमारपुर की बस पार्किंग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बस जब्त कर फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी के मार्च को रोकने से किया इनकार

## पांच सितंबर के प्रस्तावित मार्च पर रोक नहीं लगी

## कानून व्यवस्था बनाए रखना अधिकारियों की जिम्मेदारी बताई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि फिलहाल ऐसी कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है, जिससे यह अनुमान लगाया जा सके कि मार्च के दौरान कोई अप्रिय घटना होगी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे अपनी शिकायत उस उच्चस्तरीय समिति के समक्ष रखें, जिसका गठन छात्रों के खिलाफ पुलिस हिंसा के आरोपों की



जांच के लिए किया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मार्च के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना संबंधित प्रशासन और अधिकारियों की जिम्मेदारी है। पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले को समिति के समक्ष उठाने की सलाह दी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि याचिका को इसी विषय से जुड़ी अन्य लंबित याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया जाए। इन मामलों पर अगली सुनवाई 10 सितंबर को प्रस्तावित है।

अदालत के इस रुख के बाद पांच सितंबर को प्रस्तावित मार्च पर तत्काल रोक लगाने की मांग स्वीकार नहीं की गई। अब मार्च के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने होंगे।

# रिश्वत लेते जिला श्रम अधिकारी गिरफ्तार, घर में मिला खजाना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के क्योंझर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विजिलेंस टीम ने जिला श्रम अधिकारी आकाश बिसोई को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अधिकारी पर आरोप है कि वह एक विद्युत ठेकेदार से श्रमिक लाइसेंस जारी करने के बदले रिश्वत मांग रहा था।

जानकारी के अनुसार, ठेकेदार ने 14 अगस्त को अपनी एजेंसी के नाम श्रमिक लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद लाइसेंस जारी करने के एवज में अधिकारी ने कथित तौर पर 20 हजार रुपये की मांग की। शिकायत मिलने पर विजिलेंस ने जाल बिछाया और 30 अगस्त की शाम रिश्वत लेते अधिकारी को पकड़





लिया। उसके कब्जे से पूरी रकम बरामद कर जब्त कर ली गई।

गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ने अधिकारी से जुड़े दो ठिकानों पर तलाशी ली। क्योंझर स्थित सरकारी आवास से 7 लाख 29 हजार 200 रुपये नकद और करीब 300 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए। बरामद नकदी और आभूषण जब्त कर लिए गए हैं।

विजिलेंस ने अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के पहलू से भी

## बीस हजार रुपये लेते विजिलेंस टीम ने पकड़ा अधिकारी

## छापेमारी में सात लाख नकद और सोना बरामद हुआ

## दो ठिकानों पर एक साथ चलाया तलाशी अभियान

जांच शुरू की है। मामले में बालेश्वर विजिलेंस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों के अनुसार, रिश्वत और तलाशी में मिली संपत्ति के स्रोत की जांच जारी है।

### बदला संडे आउटिंग का अंदाज

# कैफे की जगह योग व्यायाम का बढ़ने लगा चलन

### जंक फूड छोड़ हेल्दी जूस,योग और व्यायाम पर जोर

### दोस्तों के साथ अब स्वास्थ्य और भविष्य पर चर्चा

### मनोरंजन के साथ सुकून और स्वास्थ्य भी प्राथमिकता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा में युवाओं के बीच रविवार को घूमने–फिरने और दोस्तों के साथ समय बिताने का अंदाज धीरे–धीरे बदल रहा है। पहले जहां रविवार की छुट्टी में युवा कैफे, रेस्त्रां और फास्ट फूड की दुकानों पर नजर आते थे, वहीं अब योग केंद्र, व्यायाम स्थल, पैदल भ्रमण समूह और स्वास्थ्य गतिविधियां भी उनकी पसंद बन रही हैं। मथुरा–वृंदावन के कई इलाकों में युवा सुबह के समय योग, ध्यान, शक्ति प्रशिक्षण और शारीरिक व्यायाम के लिए पहुंच रहे हैं।

युवाओं का कहना है कि बाहर खाने–पीने में खर्च होने वाले पैसे के साथ शरीर पर भी इसका असर पड़ता था। अब वे जंक फूड और शीतल पेय के स्थान पर ताजा फलों का रस, नारियल पानी और अन्य पौष्टिक पेय लेना पसंद कर रहे हैं। इससे स्वास्थ्य बेहतर रखने के साथ अतिरिक्त खर्च में भी कमी आ रही है। मथुरा के कुछ युवा समूह रविवार की सुबह साथ में योग और व्यायाम करने के बाद पार्कों में बैठकर आपस में बातचीत करते हैं। इस दौरान नौकरी, पढ़ाई, कारोबार और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा भी होती है। उनका मानना है कि दोस्तों के साथ मिलने के लिए महंगे रेस्त्रां जाना जरूरी नहीं है।

वहीं युवतियों के बीच भी योग, ध्यान और पैदल भ्रमण समूहों का आकर्षण बढ़ रहा है। कई समूह सप्ताहांत में साथ मिलकर स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। इससे आपसी मेलजोल बढ़ने के साथ तनाव कम करने में भी मदद मिल रही है। जानकारों के अनुसार युवाओं की सामाजिक जीवनशैली में बदलाव दिखाई दे रहा है। अब मिलना–जुलना केवल खानपान और मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है। लोग ऐसी गतिविधियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिनसे शरीर सक्रिय रहे और मानसिक सुकून भी मिले। योग, ध्यान, व्यायाम और पैदल भ्रमण जैसे विकल्प इसी बदलती सोच का हिस्सा हैं। मथुरा जैसे धार्मिक और पर्यटन शहर में पार्कों, यमुना किनारे के क्षेत्रों और योग केंद्रों में रविवार की सुबह बढ़ती गतिविधियां इस बदलाव को साफ तौर पर दिखा रही हैं।

## गौड़ समाज की बेटी आरती बनी ग्राम पंचायत अधिकारी



ग्राम पंचायत अधिकारी बनने पर आरती का सम्मान करते गौड़ समाज के बंधु।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय गौड़ मंडल ने रविवार को गौड़ समाज की बेटी आरती के ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयनित होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री पं विनोद गौड़ ने कहा कि आरती गौड़ की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि समाज की बेटियां जब आगे बढ़ती हैं तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं पंकज शर्मा ने आरती गौड़ को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने आरती गौड़ को माला, शॉल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज नारायण गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश गौड़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वृषभान गोस्वामी, संरक्षक पं रमेश गौड़, संरक्षक सुनील आचार्य, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, आचार्य ज्ञानेश गौड़, महेंद्र दत्त आचार्य, अक्षय भारद्वाज, घनश्याम दास हरियाणा, बीएस शर्मा प्राची गौड़, नीतू गोस्वामी, रजनी शर्मा, आयुषी गौड़, रमाकांत गौड़, कमल शर्मा, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन विनोद गौड़ ने किया ।

## फरह में अंडरपास के नीचे होकर जाएंगी रोडवेज बसें

**यूनिक समय, फरह।** सालों से टेंपों के माध्यम से आगरा और मथुरा की ओर सफर करने वाले लोगों को यह समाचार राहत देगा। अब रोडवेज की मथुरा डिपो से संबंधित बसें अब कस्बा में हाइवे के पर से नहीं, बल्कि सर्विस रोड से नीचे होकर जाएंगीं। इसके लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों पर अमल नहीं करने वाले चालक-परिचालक पर अर्थ दंड भी लगाया जाएगा। फरह कस्बा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के निर्धारित स्थान पर ठहराव नहीं करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मथुरा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक केके आर्य ने चालकों और परिचालकों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। सोमवार को जारी कार्यालय आदेश में सभी साधारण बसों का संचालन फरह पर पुल के नीचे से करने और वहां बसों का ठहराव सुनिश्चित करने को कहा गया है।

आदेश में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की ओर से लगातार यह मामला संज्ञान में लाया जा रहा है कि निगम की बसें फरह में निर्धारित स्थान पर नहीं रुकती

### निर्देश का पालन नहीं करने वाले चालक- परिचालक पर लगेगा अर्थदंड

हैं। इससे यात्रियों को बस सेवा का लाभ लेने में परेशानी होती है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए चालकों और परिचालकों को प्रतिदिन काउंसिलिंग कर निर्देशित करने की बात कही गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी चालक या परिचालक की इस संबंध में शिकायत प्राप्त होती है तो उसके वेतन से 500–500 रुपये की कटौती की जाएगी। आदेश की प्रति आगरा क्षेत्रीय प्रबंधक सहित फतेहपुर सीकरी, ताज, ईदगाह, फतेहाबाद, फाउंड्री नगर, बाह आदि डिपो के अधिकारियों को भी भेजी गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने अन्य संबंधित डिपो प्रभारियों से कहा है कि वे अपने यहां तैनात चालक–परिचालकों को फरह में बसों का निर्धारित ठहराव फरह कस्बा के सर्विस मार्ग पर कराने के लिए कार्रवाई करें। इस आदेश के बाद एक बार फिर से यात्रियों को फरह में बस सेवा बेहतर मिलने की उम्मीद जगी है।

## विद्युत व्यवस्था जांच समिति के सभापति बने ओम प्रकाश सिंह



विद्युत व्यवस्था जांच समिति के सभापति बनने के बाद शपथ लेते ओम प्रकाश सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य ठाकुर ओम प्रकाश सिंह को प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति का सभापति बनाया गया है। सोमवार को उन्होंने विधान परिषद में सभापति पद और दायित्व की शपथ ग्रहण की। विधान परिषद के सभापति ठाकुर मानवेंद्र सिंह ने उनको शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण के बाद ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जनहित की भावना के साथ किया जाएगा। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने, उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और बिजली आपूर्ति को अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े मामलों को समिति के माध्यम से गंभीरता से उठाया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि समिति अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ

### विधान परिषद में पद और दायित्व की शपथ लेकर संभाली जिम्मेदारी

निर्वहन करे और विद्युत व्यवस्था को अधिक जनोपयोगी बनाने में प्रभावी भूमिका निभाए।

ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व और विधान परिषद के सभापति के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनहित और प्रदेश की बेहतर विद्युत व्यवस्था उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगी। उनके सभापति पद की शपथ लेने पर समर्थकों, पार्टी पदाधिकारियों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल रहा। उन्होंने ठाकुर ओम प्रकाश सिंह को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## कोसीखुर्द के समीप खराब पिकअप को टैंकर ने मारी टक्कर

**यूनिक समय,मथुरा।** भरतपुर–मथुरा मार्ग पर कोसीखुर्द के समीप खराब पिकअप मैक्स के पास बैठे लोगों को तेज गति से आते टैंकर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई।

बताया गया कि बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे भरतपुर से आता एक पिकअप मैक्स मथुरा- भरतपुर मार्ग पर कोसी खुर्द के समीप खराब हो गई। गाड़ी के खराब होने पर उसमें सवार सभी लोग गाड़ी के समीप बैठ हुए थे। इसी दौरान आगरा की ओर से आते टैंकर ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप मैक्स में इतनी जबरदस्त टक्कर मारी की सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आस–पास के लोग इस ओर दौड़ पड़े। इस बीच टैंकर चालक मौके से भाग गया। पुलिस को भी इस बारे में बताया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते–पहुंचने के

### गाड़ी के पास बैठे आधा दर्जन लोग हुए घायल

### अस्पताल ले जाते समय रास्ते में एक घायल ने तोड़ा दम

दौरान मधुआ (45)निवासी गांव सतिया हाथरस ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके अलावा गुड्डू (24) निवासी खेरिया हाथरस जंक्शन हाथरस, रवि (27) हाडोली, हाथरस, संजय (25) निवासी तातटपुर हाथरस, पुष्पेंद्र (37)निवासी सासनी हाथरस व गौरव निवासी चंद्रपुरी थाना इगलास अलीगढ़ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

चिकित्सकों ने गुड्डू, रवि की चिंताजनक हालत को देखते हुए आगरा रैफर कर दिया। पुलिस ने मधुआ के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सैनी समाज ने राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर भरी हुंकार

### डेढ़ लाख आबादी के बावजूद राजनीतिक उपेक्षा पर जताई नाराजगी

### मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित कर शिक्षा का दिया संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** सामाजिक न्याय और राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग को लेकर सैनी समाज का दिशा संवाद और मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह मसानी रोड स्थित नेशनल चैंबर भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी पर मंथन किया गया।



नेशनल चैंबर भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राम अवतार सैनी का सम्मानित करते समाज के लोग।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राम भरोसी चांदी वालों ने की। संचालन राम अचल मौर्य ने किया। शुभारंभ समाजवादी पार्टी के नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी ने महात्मा ज्योतिराव फुले और माता सावित्रीबाई फुले के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह के प्रथम सत्र में विषम परिस्थितियों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मथुरा जनपद में सैनी समाज की करीब डेढ़ लाख आबादी है, इसके बावजूद राजनीतिक दलों ने समाज को अपेक्षित राजनीतिक हिस्सेदारी और सम्मान नहीं दिया।

विधायक राम अवतार सैनी ने कहा कि समाज की प्रगति केवल संख्या से नहीं, बल्कि शिक्षा, जागरूकता, संगठन और नेतृत्व से होती है। उन्होंने कहा कि अब समाज को केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहना चाहिए। सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को एकजुट होकर मजबूत नेतृत्व तैयार करना होगा।

कार्यक्रम में रमेश सैनी, पीतम सैनी अंजलि सैनी, संतोष सैनी, रवि सैनी, राजेश सैनी, बृजलाल सैनी, लक्ष्मन सैनी, मुकेश सैनी, महेश सैनी, जगदीश सैनी, डा.अशोक सैनी, अभिमन्यु सैनी, पवन प्रधान, ओमप्रकाश सैनी, ओमपाल सैनी, काका जी, सुभाष सैनी, बाबू लाल सैनी, बुद्धी लाल सैनी, तोता राम सैनी, मेघश्याम सैनी आदि उपस्थित रहे।

## 17 साल से बंद छाता चीनी मिल पर गरमाई राजनीति, महिलाओं ने खोला मोर्चा

**यूनिक समय, छाता।** ब्रज के विकास को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच छाता की 17 साल से बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। चीनी मिल को दोबारा शुरू कराने की मांग को लेकर किसान और पूर्व सैनिक लंबे समय से धरना दे रहे हैं। अब इस आंदोलन में महिलाओं ने भी अपनी आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है।

सोमवार को कमई गांव की रहने वाली रुक्मिणी धरना स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने चीनी मिल बंद होने से क्षेत्र के किसानों और युवाओं को हो रही परेशानी को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को ब्रजभूमि से प्रेम है, लेकिन ब्रज में रहने वाले लोगों की समस्याओं पर भी ध्यान देना चाहिए। रुक्मिणी ने कहा कि यदि सरकार को ब्रजवासियों की चिंता है तो 17 साल

### धरने में पहुंची महिला ने मुख्यमंत्री से पूछा– ब्रज से प्रेम है तो ब्रजवासियों की भी सुनिए

से बंद छाता चीनी मिल अब तक क्यों नहीं शुरू हुई। उन्होंने कहा कि मिल बंद होने से क्षेत्र के हजारों किसानों को परेशानी हो रही है। किसान गन्ने की खेती से दूरी बनाने लगे हैं। धरने पर बैठे किसानों और पूर्व सैनिकों का कहना है कि चुनाव के समय चीनी मिल को शुरू कराने के वादे किए जाते हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक चीनी मिल को दोबारा शुरू कराने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।